# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–295 । सागर, शनिवार, 16 दिसम्बर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए



व्यक्तित्व विकास के लिए युवा मोबाइल से दूरी बनाकर खेलों को अपनाएं : कुलपति पृष्ठ 2

▪ उच्च वृद्धि बनाए रखने के लिए उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा मिले
▪ राजनीति में जात-बिरादरी पृष्ठ 4

▪ आज से शुरू होगा लोकल क्रिकेट टूर्नामेंट, हर वर्ग पर दिखेगा असर पृष्ठ 5

ध्वनि विस्तारक यंत्रों, लाउडस्पीकर, डीजे के नियम संबंद्ध प्रयोग को लेकर धर्म गुरुओं के साथ हुई बैठक पृष्ठ 8


सांसदों के निलंबन पर गतिरोध बरकरार

# दसवें दिन कामकाज रहा ठप, हुआ हंगामा

- 14 निलंबित सांसदों से मिलीं सोनिया गांधी
- सांसदों ने निलंबन के खिलाफ सदन के बाहर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर सत्र के 10वें दिन दोनों सदनों में कामकाज ठप रहा। विपक्षी दलों ने लगातार दूसरे दिन लोकसभा और राज्यसभा में हंगामा किया। विपक्ष ने गृह मंत्री अमित शाह के सदन में बयान और इस्तीफे की मांग की। दोनों सदनों की कार्यवाही सुबह 11 बजे शुरू हुई।

स्पीकर ओम बिड़ला जैसे ही कुर्सी पर बैठे, हंगामा शुरू हो गया। विपक्ष के सांसद वेल तक पहुंच गए। हंगामे के चलते लोकसभा 11.02 बजे और राज्यसभा 11.09 मिनट पर 2 बजे तक के लिए स्थगित हो गई। जब 2 बजे दोनों सदनों में कार्यवाही शुरू हुई तो फिर हंगामा हुआ। इसके बाद कार्यवाही सोमवार 18 दिसंबर तक स्थगित कर दी गई। इससे पहले, शुक्रवार को सदन के बाहर गांधी प्रतिमा के सामने विपक्ष के 14 निलंबित सांसदों (13 लोकसभा और 1 राज्यसभा) ने प्रदर्शन किया। इनका कहना था कि दोनों सदनों में विपक्ष की आवाज को दबाया जा रहा है।

सोनिया गांधी ने इन सांसदों से मुलाकात की। जदयू सांसद ललन सिंह ने 14 दिसम्बर को कहा था कि अगर संसद में घुसने वाले अगर मुसलमान होते तो ये लोग देश–दुनिया में तूफान मचाते। उसी के नाम ये लोग देश में उन्माद मचा देते। अगर कांग्रेस के सांसद की अनुशंसा पर आए विजिटर्स ने ऐसा किया तो देखते कि इनका रवैया क्या होता। कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर गृह मंत्री अमित शाह की चुप्पी पर सवाल उठाए हैं।



### गृह मंत्री के बयान देने के बाद ही चल सकती है संसद : कांग्रेस

कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश भी खरगे की बात पर सहमति जताई है। उन्होंने कहा कि संसद में सुरक्षा में चूक का मामला अत्यंत गंभीर है और जब तक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह किस मुद्दे पर दोनों सदनों में बयान नहीं देते हैं तब तक संसद का चलना संभव नहीं है। वहीं इंडिया गठबंधन पार्टियों के नेताओं ने 13 दिसम्बर को संसद की सुरक्षा में चूक मामले पर गृह मंत्री अमित शाह को दोनों सदनों में बयान देने की मांग की है। जयराम रमेश ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा के इस मुद्दे पर गृह मंत्री ने बयान देने से स्पष्ट रूप से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि गृहमंत्री इस बारे में जो बयान बाहर दे रहे हैं उन्हें सदन में आकर जवाब देना चाहिए। जब तक गृहमंत्री दोनों सदनों में बयान नहीं देंगे तब तक दोनों सदनों में कामकाज होने की संभावना बहुत कम है। इस बीच पार्टी महासचिव संगठन के सी वेणुगोपाल ने कहा कि भाजपा सरकार दावा करती है कि उसका बनाया नया संसद भवन दुनिया में सबसे सुरक्षित इमारत है लेकिन इस घटना के बाद उसका यह दावा भी मजाक बन गया है।



संसद की सुरक्षा में चूक मुद्दे पर गृह मंत्री कोई बयान क्यों नहीं दे रहे हैं जबकि वह टेलिविजन में साक्षात्कार जरूर दे रहे हैं क्या इस मुद्दे पर सवाल करने वाले सांसदों को सस्पेंड करना न्याय है : **मल्लिकार्जुन खड़गे**

### कांग्रेस के 9 सांसद समेत 14 सांसद हुए थे निलंबित

संसद की सुरक्षा चूक पर गत गुरुवार को भी दिनभर सदन में हंगामा हुआ था। लोकसभा और राज्यसभा से विपक्ष के 14 सांसदों को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया। इनमें 13 लोकसभा सांसद हैं, जिनमें कांग्रेस के 9, सीपीआई (एम) के 2, डीएमके और सीपीआई के एक–एक सांसद हैं। राज्यसभा से टीएमसी सांसद डेरेक ओ ब्रायन को पूरे सत्र के लिए सस्पेंड कर दिया गया।

### संसद में सेंध का साजिशकर्ता ललित झा 7 दिन की हिरासत में

संसद की सुरक्षा में सेंध लगाने के मामले में कथित साजिशकर्ता ललित झा को अदालत ने शुक्रवार को सात दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया। पटियाला हाउस स्थित हरदीप कौर की विशेष अदालत ने ललित को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल की सात दिनों की हिरासत में भेजने का आदेश दिया।

मुख्यमंत्री ने पुलिस मुख्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में दिए निर्देश, कहा-

# अपराधों पर अंकुश लगाने व्यापक कार्य योजना बनाएं





**भोपाल, देशबन्धु।** जिन जिलों में अपराध दर ज्यादा है, उन जिलों के लिए व्यापक स्तर पर कार्य योजना बनाई जाए, अवैध हथियारों की तस्कारी को रोकने प्रभावी कार्यवाही की जाए, वहीं शराब माफिया पर अंकुश लगाने सतत कार्यवाही करें, खनिज विभाग से समन्वय स्थापित कर खनिज माफिया के खिलाफ सख्त कदम उठाएं।

यह निर्देश आज मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक में दिए। उन्होंने पुलिस मुख्यालय में आयोजित बैठक इस बैठक में कहा कि प्रदेश में अपराधों के नियंत्रण और प्रधानमंत्री की स्मार्ट पुलिसिंग की अवधारणा को मूर्तरूप देने के लिए ऐसा कार्य करें जो उदाहरण बन सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि कुछ ऐसे समुदाय हैं जिनके कुछ लोग अपराधिक प्रवृति से जुड़े हैं, उन्हें भी मुख्य धारा में लाने के प्रयास किए जाएं। डॉ. यादव ने कहा कि देह व्यापार पर अंकुश लगाने की दिशा में कार्य करें। सामाजिक स्तर और सद्भाव के साथ इस प्रकार के अपराधों में विशेष संवेदनशीलता रखें। आगामी 20–25 वर्ष की आवश्यकताओं को देखते हुए आवश्यक कार्य योजना बनाकर क्रियान्वयन प्रारंभ किया जाए। उच्च पद के प्रभार और राज्य पुलिस सेवा से अखिल भारतीय सेवा में अधिकारियों की पदोन्नति की कार्यवाही को भी गति देने की बात भी डॉ. यादव ने कही। उन्होंने कहा कि निरीक्षकों के पदों पर पदोन्नति सहित विभाग के अन्य पदों पर भी पदोन्नति में विलम्ब न किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अनुकम्पा नियुक्ति के लंबित प्रकरणों में भी जल्द कार्यवाही की जाए। उन्होंने नगर और ग्राम सुरक्षा समितियों को सक्रिय बनाने की आवश्यकता भी जताई। बैठक के दौरान अपर मुख्य सचिव गृह डॉ. राजेश राजौरा ने वाहनों की आवश्यकता और उसकी पूर्ति के प्रस्ताव सहित पुलिस कर्मियों के कल्याण सहित अन्य प्रस्तावों से अवगत करवाया। वहीं पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना ने पुलिस विभाग की व्यवस्था और कार्य प्रणाली से संबंधित प्रस्तुतिकरण दिया। कार्यक्रम की शुरुआत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव के पुलिस मुख्यालय पहुंचने पर परिसर में पुलिस बल ने गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्यमंत्री को पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पुलिस महानिदेशक एस के सक्सेना ने स्मृति चिन्ह भेंट किया।

### पुलिसकर्मियों की आवास समस्या का निराकरण हो

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस कर्मियों की आवास की समस्या का निराकरण हो। पुलिस हाउसिंग कार्पोरेशन स्तर और पुलिस कर्मियों द्वारा निजी स्तर पर आवास की व्यवस्था के लिए सहयोग दिया जाए। डॉ. यादव ने कहा कि पुलिस थानों के क्षेत्र की सीमाओं के संबंध में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए इसकी योजना बनाएं। थाने के क्षेत्र की जनसंख्या, अपराध केंद्रित क्षेत्र, धार्मिक संवेदनशीलता और अन्य पहलुओं को ध्यान में रखकर योजना बनाएं। जिन धार्मिक स्थानों में वर्ष में कई बार सवारी निकालने, चल समारोह और उत्सव की परम्परा है वहां आवागमन को सहज बनाने, आवश्यक पार्किंग व्यवस्था और सुरक्षा को प्राथमिकता दी जाए। ओरछा, उज्जैन और अन्य नगरों में धार्मिक मेलों पर भीड़ नियंत्रण की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी बनाना है।

### मास्टर प्लान में हो पुलिस का दखल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जोनल मास्टर प्लान बनाते समय अथवा सरकारी भूमि के लैंड यूज में बदलाव की योजना में पुलिस भी अपराध और भीड़ नियंत्रण को ध्यान में रखकर अपना अभिमत दे जिससे जनहित में जरूरी प्रबंध हो सकें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि पुलिसकर्मियों की दक्षता बढ़ाने के लिए मौजूदा संसाधनों में बेहतर कार्य के प्रयास करें। उन्होंने जिला स्तर पर पुलिस बैंड की आवश्यकता बताई और कहा कि हर जिले में पुलिस बैंड में बटालियन के साथ–साथ होमगार्ड में से भी इच्छुक जवानों को भी शामिल करें।

राज्यपाल कलराज मिश्र ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई

# भजनलाल बने राजस्थान के मुख्यमंत्री






- दीया कुमारी व प्रेमचंद बैरवा बने उप मुख्यमंत्री
- शपथ समारोह में मोदी, अमित शाह रहे मौजूद

**जयपुर, देशबन्धु।** भाजना के दिग्गज नेता भजनलाल शर्मा शुक्रवार को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। राज्यपाल कलराज मिश्र ने दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को भी पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण समारोह में भजनलाल शर्मा के साथ ही ये दोनों नेताओं ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। अल्बर्ट हॉल में हुए शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह तथा भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जेपी नड्डा मौजूद रहे। इसके अलावा कई प्रदेशों के मुख्यमंत्री और उप मुख्यमंत्री भी मौजूद रहे।

### गहलोत ने भी मंच पर उपस्थिति दर्ज कराई

राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। भाजपा के एक प्रवक्ता ने बताया कि समारोह के लिए केंद्रीय नेताओं और राज्य के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रण भेजे गए थे। समारोह से पहले प्रदेश की राजधानी के मुख्य मार्गों और प्रवेश मार्गों को सजाया गया। इनमें भाजपा के झंडे और केंद्र सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े पोस्टर और बैनर थे। राज्य में 200 में से 199 सीट पर हुए चुनाव में भाजपा ने 115 सीटों पर जीत दर्ज की है। करणपुर सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी के निधन के कारण चुनाव स्थगित कर दिया गया था। विधानसभा की इस सीट पर अब 5 जनवरी 2024 को मतदान होगा। भजनलाल शर्मा को एक निर्विवाद व्यक्तित्व के तौर पर जाना जाता है। भजनलाल शर्मा को सीएम बनाकर भाजपा ने पार्टी के आम कार्यकर्ताओं को बड़ा संदेश दिया है. किसी भी नेता का लगातार जीत दर्ज करवाना ही किसी पद के लिए कोई बड़ा पैमाना नहीं है, बल्कि आम कार्यकर्ता और नेता की निष्ठा तथा समर्पण भी बेहद अहम है।

### जन्मदिन के दिन भजनलाल शर्मा की हुई ताजपोशी

दिलचस्प है कि भजनलाल शर्मा का शुक्रवार को ही जन्मदिन था। ऐसे में 15 दिसम्बर का दिन उनके लिए काफी बड़ा और ऐतिहासिक रहा। दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा के लिए भी शुक्रवार का दिन काफी महत्वपूर्ण रहा। शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी से लेकर अलग–अलग राज्यों के मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री और केंद्रीय मंत्रियों ने शिरकत की। तमाम विशिष्ट अतिथियों के अलावा समारोह स्थल पर बड़ी संख्या में आमलोग भी मौजूद रहे। शपथ ग्रहण से पहले राजस्थानी लोकनृत्य और संगीत का भी आयोजन किया गया।

# सुप्रीम कोर्ट ने महुआ की याचिका पर सुनवाई 3 जनवरी तक टाली

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को लोकसभा से निष्कासन के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस नेता महुआ मोइत्रा की याचिका पर सुनवाई अगले साल 3 जनवरी तक के लिए टाल दी।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और एस.वी.एन.भट्टी की पीठ ने मोइत्रा की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी से कहा कि शीतकालीन अवकाश के बाद अदालत फिर से खुलने पर मामले की सुनवाई की जाएगी, क्योंकि पीठ मामले की फाइलों पर गौर नहीं कर सकी है। पीठ ने आदेश दिया, '3 जनवरी, 2024 को पुनः सूचीबद्ध करें।' भारत के मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़





ने मोइत्रा के वकील द्वारा उल्लेख किए जाने के बाद ने बुधवार को याचिका को तत्काल सूचीबद्ध करने पर विचार करने पर सहमति व्यक्त की। मोइत्रा ने 8 दिसम्बर को संसद के निचले सदन से अपने निष्कासन को चुनौती देते हुए संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत शीर्ष अदालत का रुख किया है। पश्चिम बंगाल के कृष्णानगर संसदीय क्षेत्र से सांसद ने अपनी याचिका में अपने निष्कासन के फैसले को 'अनुचित, अन्यायपूर्ण और मनमाना' बताया है। उनके खिलाफ कार्रवाई 'संसदीय प्रश्नों के लिए नकद' आरोप पर आचार समिति की जांच के बाद की गई थी। मोइत्रा को लेकर विवाद तब सामने आया जब बीजेपी के सांसद निशिकांत दुबे ने सितंबर 2023 में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को महुआ के खिलाफ शिकायती पत्र लिखा था। पत्र वकील जय अनंत देहाद्रई की एक शिकायत की थी आरोप लगाया गया था कि मोइत्रा ने संसद में सवाल पूछने के लिए पैसे लिया था।




## सार समाचार

### नवागत सीएमओ ने किया पदभार ग्रहण



**घुवारा, देशबन्धु।** लम्बे अरसे से अतिरिक्त प्रभार में चल रही घुवारा नगरपरिषद में व्यवस्थाएं चौपट दिखाई देने लगी थी क्योंकि घुवारा नगरपरिषद का अतिरिक्त प्रभार बड़ामलहरा सीएमओ उमाशंकर मिश्रा के पास था लेकिन घुवारा में समय कम देने के कारण व्यवस्थाएं चौपट दिखाई देने लगी थी जिसकी जानकारी उच्य अधिकारी होने के चलते प्रशासन ने शाहगढ़ नगरपरिषद में पदस्थ पदमचंद जैन को घुवारा नगरपरिषद का सीएमओ बनाकर भेजा है नवागत सीएमओ ने शुक्रवार की दोपहर कार्यालय आकर अपना पदभार ग्रहण करते हुए कर्मचारियों से नगर के विकास संबधी चर्चा की उसके उपरांत सीधे नगर के प्राचीन किला पहुंचे जहां दिवान बाबा की विधिविधान से पूजा अर्चना की उसके उपरांत नगर की कई गलियों का जायजा लिया। बताया तो यह भी जा रहा है कि नवागत सीएमओ अपने कार्य के प्रति हमेशा सजग रहते है साथ ही बहुत ही मिलनसार छवि के लिए जाने जाते हैं जिससे निश्चित ही नगर को विकाश की विकास की गति मिलेगी।

### बिना लायसेंस खुले में मांस, मछली विक्रय पर होगी कार्यवाही

**छतरपुर, देशबन्धु।** नगर पालिका सीएमओ निधि शर्मा ने खुले में पशु मांस एवं मछली विक्रय पर प्रतिबंध के संबंध में आदेश जारी किया गया है। आदेश में कहा गया है कि मप्र नगर पालिका अधिनियम 1961 की धारा 268 व 269 के अंतर्गत खुले में तथा बिना अनुमति पत्र (लाईसेंस) अथवा लायसेंस शर्तों का उल्लंघन करते हुये पशु मांस व मछली विक्रय पर प्रतिबंध लगाया गया है। इस मामले में प्रतिबंधात्मक कार्यवाही 15 दिसम्बर से 31 दिसम्बर तक विशेष अभियान चलाकर की जाएगी। निकाय में पदस्थ संजेश नायक तथा रविन्द्रपाल तिवारी स्वच्छता निरीक्षक को नोडल अधिकारी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए हैं।

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी में वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता शुरु

# व्यक्तित्व विकास के लिए युवा मोबाइल से दूरी बनाकर खेलों को अपनाएं : कुलपति





**छतरपुर, देशबन्धु।** महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड यूनिवर्सिटी के तत्वावधान में मप्र शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ हो गया है। जिसमें युवा खिलाड़ियों ने अपने हुनर का पूरे दमखम से प्रदर्शन किया है।

खेल प्रतियोगिता का उद्धघाटन कुलपति प्रो. शुभा तिवारी ने मां सरस्वती का पूजन करके विश्वविद्यालय ध्वज फहराकर किया। हॉकी मैदान में आयोजित उद्धघाटन समारोह की अध्यक्षता प्रति कुलपति प्रो. डीपी.शुक्ला ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. जेपी शाक्य एवं प्रो. एचएन खरे उपस्थित रहे। इस प्रतियोगिता में अपनी अपनी खेल विधा में प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ी छात्र छात्राएं आज 16 दिसंबर 23 शनिवार को शासकीय पीजी कन्या महाविद्यालय,सागर के तत्वावधान में आयोजित संभागीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेंगे। सर्वाधिक खेल विधाओं में प्रथम स्थान पाने वाले खिलाड़ी सचिन यादव को पुरुष वर्ग तथा नेहा मरावी को महिला वर्ग में चैंपियनशिप मिली।

वार्षिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. शुभा तिवारी ने सभी खिलाड़ियो को शपथ दिलाई तथा खेल प्रारंभ करने की घोषणा की। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ खेल गतिविधियों में भी सहभागिता करें, जिससे उनका व्यक्तित्व विकास हो सके। जो विद्यार्थी खेलकूद की बजाय मोबाइल से रील बनाने और देखने में व्यस्त रहते हैं, उनका व्यक्तित्व विकास नहीं हो पाता है। इस कारण विद्यार्थियों को मोबाइल से पर्याप्त दूरी रखना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रति कुलपति डा डीपी शुक्ला ने खेल के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संचालन प्रो डा सुमति प्रकाश जैन ने किया। अंत में खेल संचालक डा बीपीएस गौर ने सभी का आभार माना। ईस मौके पर खेल संचालक डॉ. बीपीएस गौर, क्रीड़ा प्रभारी डॉ. एसके छारी, डा गौरी सनागो, डा बीएल कुम्हार, डा आरपी अहिरवाल, क्रीड़ाधिकारी डॉ. अरविंद महलोनिया, विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, सहा. प्राध्यापक, अतिथि विद्वान, कर्मचारी और आयोजन में सक्रिय सहयोगी मौजूद रहे।

### खेल के रोमांच में डूबे दर्शकों ने बढ़ाया उत्साह

शुक्रवार को सम्पन्न हुई खेल प्रतियोगिताओं में पुरुषों की 100 मी. दौड़ में प्रथम स्थान हर्ष अग्रवाल, 200 मीटर दौड़ में प्रथम राहुल अहिरवार, 400 मीटर दौड़ में प्रथम बृजेश अहिरवार, 800 मीटर दौड़ में प्रथम आशीष यादव, 1500 मीटर दौड़ में प्रथम मंगल सिंह यादव, 5000 मीटर दौड़ में प्रथम अजय कुमार प्रजापति ने पाया। ऊंची कूद में प्रथम आजाद तिवारी, लंबी कूद में प्रथम सचिन यादव, गोला फेक में प्रथम सचिन यादव, डिस्कस थ्रो में प्रथम सौरभ राजा, जैवलिन थ्रो में प्रथम सचिन यादव रहे। इसी प्रकार महिलाओं की 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान नेहा मरावी, 200 मीटर दौड़ में प्रथम वैशाली बुंदेला, 400 मीटर दौड़ में प्रथम नेहा मरावी, 800 मीटर दौड़ में प्रथम विनीता अहिरवार, 1500 मीटर दौड़ में प्रथम सुमन, ऊंची कूद में प्रथम सुमन, लंबी कूद एवं गोला फेक में प्रथम श्रुति अवस्थी, डिस्कस थ्रो में प्रथम अंशिका वेद ने प्राप्त किया। सबसे ज्यादा खेलों में पहला स्थान पाने वाले सचिन यादव तथा नेहा मरावी चैंपियन घोषित किया गया। इस खेल प्रतियोगिता के सफल आयोजन में अभिनव दुबे, प्रदुम्न यादव, आशिया खान, राकेश पाठक ने अपना सहयोग प्रदान किया।

# खेत के कुए में रस्सी से लटका मिला युवक का शव

**छतरपुर, देशबन्धु।** जिला मुख्यालय से करीब 20 किमी दूर स्थित गढीमलहरा थाने के अंतर्गत ग्राम उर्दमउ में खेत पर बने कुये में एक युवक का शव रस्सी के सहारे लटका मिला है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है।

जानकारी के अनुसार उर्दमउ निवासी पूर्व सरपंच का पति और भाजपा कार्यकर्ता दिनेश कुशवाहा उर्फ चैनू अपने खेत की रखवाली करने के लिये परिवार सहित खेत पर ही रहता था। बीते रोज वह किसी काम से गढीमलहरा आया था। सुबह जब परिवार के लोगों को वह खेत पर नहीं दिखा तो उसे तलाशा गया। इसी दौरान कुये में एक रस्सी के सहारे उसका शव लटका दिखाई दिया।

इसे देखकर परिवार के लोगों के होश उड़ गए और सभी सदमे की हालत मे आ गये। तुरंत इस बारे मे पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने शव को कुये से बाहर निकवाया और पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। मृतक के भाई ने दिनेश की हत्या करके शव को कुये में लटकाने का संदेह जताया है। पुलिस का कहना है लोगों के बयान लेकर मामले की हर बिदु पर जांच की जा रही है। जल्दी ही मामले का खुलासा कर दिया जायेगा।

### जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज

**छतरपुर, देशबन्धु।** बमनोरा थाना पुलिस ने एक जिला बदर आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी उप निरीक्षक आशुतोष श्रोत्रिय ने बताया कि थाना बमनौरा का आदतन अपराधी, वर्तमान में हिस्ट्रीशीटर व जिलावदर आरोपी निवासी बमनौरा को ग्राम बमनौरा की सीमा में घूमते पाये जाने पर धारा 188 भादवि, राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को न्यायालय पेश किया वहां से उसे जेल भेज दिया गया है।

### पीएससी प्रारंभिक परीक्षा के लिए कन्ट्रोल रूम स्थापित

**छतरपुर, देशबन्धु।** लोक सेवा आयोग इन्दौर द्वारा 17 दिसम्बर को आयोजित होनी वाली राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा के लिए जिले में कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है। जिसका दूरभाष नम्बर 07682-243590 है। कण्ट्रोल रूम के प्रभारी अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी राजीव सिंह होंगे। श्री सिंह का मोबाइल नम्बर 9425136317 है। इनके सहयोग के लिए नियुक्त अंकित चतुर्वेदी सहा. ग्रेड-3 जिला लोक अभियोजन कार्यालय छतरपुर का मोबाइल नम्बर 9584823300 है।

आज से छाएगा 9वें खजुराहो अंतर्राष्ट्रीय फिल्म फेस्टिवल का उल्लास

# पहले दिन फ़िल्म मशहूर अभिनेता असरानी और अभिनेत्री आशा पारेख रहेंगी आकर्षण का केंद्र



**खजुराहो, छतरपुर, देशबन्धु।** विश्व पर्यटन नगरी खजुराहो में पिछले 8 वर्षों से आयोजित होने वाला खजुराहो अंतरराष्ट्रीय फ़िल्म फेस्टिवल का नौवां संस्करण आज से शुरू होगा। जो 22 दिसंबर तक चलेगा।

नगर परिषद के पाहिल वाटिका परिसर में आयोजित होने वाले फिल्मों से जुड़े इस सात दिवसीय रंगारंग समारोह को इस बार दिवंगत फ़िल्म अभिनेत्री श्रीदेवी को समर्पित किया गया है। आयोजन से संबंधित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित हुई जिसमें फ़िल्म अभिनेत्री आशा पारिख, गिरजा शंकर पाटकर शामिल हुये। फ़िल्म महोत्सव के संयोजक तथा प्रयास प्रोडक्शन के निदेशक राजा बुंदेला ने जानकारी देते हुए बताया कि आयोजन के पहले दिन दादा साहब फाल्के पुरुष्कार से सम्मानित मशहूर फिल्म अभिनेत्री आशा पारिख तथा प्रसिद्ध फ़िल्म अभिनेता अशरानी शामिल होंगे। आयोजन में श्रीदेवी के पति फ़िल्म निर्माता, निर्देशक बोनी कपूर सहित उनके परिवार के अन्य सदस्य भी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया हर बार की तरह इस बार भी महोत्सव में देश-विदेश की फिल्मों का प्रदर्शन टपरा टाकीजो में होगा। जो महोत्सव में आने वाले देश विदेश के कलाकारों, फ़िल्म निमार्ताओं, निर्देशकों के साथ फ़िल्म प्रशंसकों, पर्यटकों तथा स्थानीय दर्शकों के लिए आकर्षण का केन्द्र रहेंगी। आयोजक राजा बुन्देला ने बताया कि श्रीदेवी को श्रद्धांजलि स्वरुप यह महोत्सव समर्पित किया गया है। जिसमें मशहूर फ़िल्म अभिनेत्री जयाप्रदा, गदर 2 फेम मनीष बाधवा, गुलशन ग्रोवर, हरीश भिमानी, अली खान, पंकज धीर जैसे ख्यात अभिनेता भी आ रहे हैं। राजा बुन्देला ने बताया कि खजुराहो को सीधे मुम्बई से जोड़ने वाली कोई फ्लाइट न होने के बावजूदद फिल्म जगत के नामी सितारों और निमार्ता-निर्देशकों को लाना एक चुनौती रहता है, लेकिन वे इस आयोजन को प्रतिवर्ष कराने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### आशा पारेख ने खजुराहो की खूबसूरती का सराहा

इस मौके पर फ़िल्म अभिनेत्री आशा पारिख ने कहा कि खजुराहो खूबसूरत जगह है। यहां के मंदिर अदभुत और आकर्षक हैं।खजुराहो और आसपास फिल्मों के निर्माण के लिए पर्याप्त खूबसूरत स्थल और अवसर मौजूद हैं, मैं कई बार खजुराहो आ चुकी हूं, यहां का डांस फेस्टिवल भी मशहूर है इसके साथ फ़िल्म फेस्टीवल भी होने लगा जो बहुत प्रभावित करने वाला आयोजन है उन्होंने कहा इस उम्र में आध्यात्मिक की दिशा में जाने की कोशिश कर रही हूँ। पहले की फिल्मों में और आज की फिल्मों में काफी बदलाव आ गया है। इस दौर में नई पीढ़ी पर पश्चिमी सभ्यता का असर ज्यादा पड़ गया है। उन्होंने कहा उनका मत है कि पहले फिल्मों की कहानियों में फर्क है आज की फिल्मों में वायलेंस बहुत होता है, जिनका बच्चों पर प्रतिकूल असर देखने में आता है।

### बुंदेली प्रतिभाओं को मिला अनूठा मंच

खजुराहो फिल्म फेस्टिवल से कई बुंदेली प्रतिभाओं की किस्मत बदल गई है। श्री बुन्देला के अनुसार छत्रसाल, आल्हा ऊदल और रानी लक्ष्मीबाई जैसे वीर वीरांगनाओं की इस धरती को राग रंग का साधन समझे जाने वाले फिल्म उद्योग से परिचित कराना है। गौरतलब है खजुराहो में शेखर कपूर, बोनी कपूर, चंद्रप्रकाश सिंह, मणिरत्नम जैसे फिल्मकार या तो रूचि ले रहे हैं या अपनी फिल्में यहां फिल्माकित कर चुके हैं। ओरछा, चित्रकूट और खजुराहो आज मुंबईवा फिल्म जगत के लिए प्रिय डेस्टिनेशन बन चुके हैं। हिंदी फिल्मोद्योग का यही प्यार आज बुंदेलखंड के युवाओं के लिए न सिर्फ आजीविका का आधार बन चुका है बल्कि बुंदेली रंगमंच, कला, साहित्य और सिनेमा से जुड़े प्रतिभावान युवाओं के लिए मंच बन चुका है।

# गेहूं गोदाम की जांच करने आए कनिष्ठ सहायक और कंप्यूटर ऑपरेटर

- सरकारी बोरियों से पलटी कर प्राइवेट बोरियों में भरकर बिकने जा रहे गेहूं का था मामला
- ढेरों अनियमितताएं मिलने पर मौके पर बनाया पंचनामा
- गोदाम प्रभारी मौके से रहे नदारद



**घुवारा, देशबन्धु।** गरीबों में फ्री वितरण होने वाले गेहूं को सरकारी टैग लगी बोरियों में से प्राइवेट बोरियों में भरवाकर बाजार में बिकने जा रहे गेहूं का बहुचर्चित मामले में गुरुवार को नान विभाग बड़ामलहरा से आए अधिकारियों ने नगर के मण्डी परिसर में स्थित गेहूं गोदाम का औचक निरीक्षण किया।जहां पर गोदाम के अंदर भारी अनियमितताएं मिलने के साथ साथ पूरी गोदाम क्रमांक एक और दो के फर्श पर गेहूं फैला पाए जाने पर जांच करने आए अधिकारियों ने मौके पर ही पंचनामा तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय भेजने की बात मौके पर पहुंचे मीडियाकर्मियों से कह चले गए।

**क्या है पूरा मामला**-आपको बता दें कि विगत 11 दिसम्बर दिन सोमवार की दोपहर को घुवारा तहसीलदार ऋतु सिंघई ने नगर की मण्डी परिसर में स्थित मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ की गोदाम के सामने से ट्रक क्रमांक एमपी 09 एच जी 4987 को पकड़ा था।जब ट्रक ड्राईवर और गोदाम प्रभारी जयसिंह परिहार से गेहूं लोड होने से संबंधित दस्तावेज मांगे तो बो उपलब्ध नहीं करा पाए जिस पर तहसीलदार ऋतु सिंघई ने कार्यवाही की बात कहते हुए मौके पर पंचनामा तैयार किया और मण्डी परिसर का मैन दरवाजे पर ताला डालकर अपने अधीनस्थ सदर पटवारी देवेंद्र लोधी को निगरानी हेतु तैनात कर तहसील चली गईं थी।उसके बाद पीछे से अपने सपोर्टर व्यक्ति के साथ तहसील कार्यालय पहुंचे गोदाम प्रभारी की बंद कमरे में चली लंबी बात के बाद तहसीलदार ने गेहूं से लोड ट्रक को वापिस गोदाम में खाली करवा दिया।और कार्यवाही ठंडे बस्ते में चली गई।

**तहसीलदार द्वारा दिए दो दिन के समय में उपलब्ध नहीं करा पाए गोदाम प्रभारी दस्तावेज** -जब तहसीलदार ऋतु सिंघई से इस बारे जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि मैंने गोदाम प्रभारी जयसिंह को दस्तावेज उपलब्ध कराने लिए दो दिन का समय दिया था। लेकिन अभी तक गोदाम प्रभारी जयसिंह परिहार दस्तावेज उपलब्ध नहीं करा पाए हैं।जब तहसीलदार से यह पूंछा गया कि अब आगे कि कार्यवाही क्या रहेगी।तो उन्होंने कार्यवाही के नाम से पलड़ा झाड़ते हुए कहा कि अब उनके संबंधित नान विभाग के अधिकारी इसकी जांच कर रहे हैं।और आज गोदाम पर आए हैं।जब उन से दूसरा प्रश्न पूंछा कि आपने जिस तरह से गोदाम प्रभारी पर दो दिन में दस्तावेज उपलब्ध कराने की मेहरबानी दिखाई है तो क्या आम आदमी के साथ भी क्या इसी तरह की मेहरबानी दिखाएंगी।तो उन्होंने इस सवाल का जवाब गोल मटोल देकर जवाब को टाल दिया। तहसीलदार महोदया द्वारा सवालों के जवाब टाल मटोली में देने से साफ झलक रहा था कि कुछ नहीं बल्कि बड़े स्तर पर गड़बड़ी हुई है।जो कि साफ बताने और कार्यवाही करने से बच रहीं हैं।

### सुरक्षागार्ड ने करवाया भौतिक सत्यापन

गुरुवार की दोपहर गेहूं गोदाम का निरीक्षण करने बड़ामलहरा से आए नागरिक आपूर्ति निगम के जांच दल में प्रमुख रूप से कनिष्ठ सहायक प्रवीण दुलगज और उनके साथ आए कंप्यूटर ऑपरेटर सुरेंद्र राजपूत ने मण्डी परिसर में स्थित विपणन संघ की गोदाम में रखे गेहूं का निरीक्षण कर बाहर आए इस दौरान मौके पर पहुंचे कुछ मीडियाकर्मियों द्वारा पूंछतांछ में कनिष्ठ सहायक ने जानकारी देते हुए बताया की दोनों गोदाम की स्थिति बेहद खराब है दोनों गोदाम के अंदर फर्श पर गेहूं ही गेहूं फैला पड़ा है। इन्हीं अनियमितताओं के चलते गोदाम में वास्तविक गेहूं के स्टॉक की जानकारी ज्ञात नहीं की जा सकी है।इसलिए इन्हीं बिंदुओं को लेकर पंचनामा तैयार कर वरिष्ठ कार्यालय भेजा जायेगा। जहां से अधिकारी इस पर निर्णय लेंगे।जब नान के अधिकारी गोदाम का निरीक्षण करने आए थे तो जिम्मेदार गोदाम प्रभारी जयसिंह परिहार मौके से नदारद थे और यह निरीक्षण गोदाम के एक सुरक्षागार्ड ने करवाया।अब देखना यह होगा कि गोदाम प्रभारी पर कार्यवाही करने से पहले ही तहसीलदार महोदया बचा चुकीं हैं अब नान विभाग के अधिकारी इस मामले में क्या ऐक्शन लेते हैं।या इसी तरह गरीबों के मुंह के निवाले को आपस में बांट कर मामले को रफा दफा कर लेते हैं।यह तो अब आने वाला समय ही बतायेगा।

# अग्रवाल समाज का परिचय सम्मेलन और सामूहिक विवाह महायज्ञ 17 को

**छतरपुर, देशबन्धु।** अग्रवाल समाज के तत्वावधान में मिलाप गार्डन में 17 दिसंबर को विवाह पंचमी के पर युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है।

जिला अग्रवाल समाज के मीडिया प्रभारी रामकिशोर अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम सुबह से शुरू होकर देर शाम तक चलेगा। कार्यक्रम में छतरपुर जिले के अलावा कई अन्य जिलों और उत्तर प्रदेश के समाज बंधु सहभागिता करेंगे। इस अवसर पर विवाह योग्य युवक-युवतियों के बायोडेटा पर केंद्रित स्मारिका परिचय पत्रिका का विमोचन भी किया जाएगा। आयोजन के लिए सुनील अग्रवाल बिजावर वालों के संयोजन में एक टीम को दायित्व सौंपे गए हैं। इसके लिए कार्यालय व्यवस्था, स्वागत व्यवस्था, भोजन व्यवस्था समिति, मंच संचालन व्यवस्था, विवाह परामर्श समिति, उपहार वितरण समिति और मंडप एवं आवास व्यवस्था समिति गठित की गई है। इन समितियों के साथ जिला अग्रवाल समाज, नगर अग्रवाल समाज, अग्रसेन महिला मंडल और नवयुवक मंडल की टीम सतत सहयोग देने सक्रिय भूमिका निभाएगी। आयोजन की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उन्होंने बताया कि परिचय सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह महायज्ञ में अभी तक एक विवाह तय हुआ है। बाकी विवाह परिचय सम्मेलन में तय होने की उम्मीद है। विवाह संपन्न होने पर नवविवाहित जोड़े को अपनी गृहस्थी शुरू करने के लिए अग्रवाल समाज द्वारा सभी आवश्यक सामग्री उपहार स्वरूप भेंट में दी जाएगी। इसके अलावा समाज के लोग भी वर-वधू को उपहार भेंट करेंगे। अग्रवाल समाज के जिलाध्यक्ष प्रभात सर्राफ और आयोजन समिति के संयोजक सुनील अग्रवाल ने सभी अग्रबंधुओं और नारी शक्ति से आयोजन के लिए सौंपी गई जिम्मेदारियों का पूरी लगन से निर्वाह करने की अपील की है।

# 3 लोगों ने युवक से 20 लाख ठगे, पीड़ित ने एसपी से लगाई न्याय की गुहार

**छतरपुर, देशबन्धु।** शुक्रवार को चौबे कॉलोनी निवासी एक युवक ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर बताया है कि कुछ लोगों ने षडयंत्र पूर्वक उसके साथ 20 लाख रुपए ठग लिए है। रुपये वापस करने की बात पर उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। युवक ने एसपी से न्याय की गुहार लगाई है।

एसपी को दिए आवेदन का हवाला देते हुए जीतेन्द्र पुत्र चंद्रभान रावत निवासी चौबे कालोनी ने बताया कि उसके पिता और ठगी करने वाले ऋषभ सिंह के पिता विद्युत विभाग के कर्मचारी थे। पिता के रिटायरमेंट पर मिलने वाले भुगतान की जानकारी ऋषभ सिंह और अर्पित त्रिपाठी को पहले से थी। इसके अलावा शैलेन्द्र पटैरिया निवासी ललितपुर भी इनका दोस्त है। इन तीनों ने मिलकर उसे ठगी का शिकार बनाया और अब धमका रहे है। जीतेन्द्र ने बताया तीनों लोगों ने उसे और उसके पिता को फैक्ट्री में पार्टरशिप करने का प्रलोभन दिया। श्रीकृपा फूड इंडस्ट्रीज के नाम से बगराजन मंदिर के बगल में चल रही फैक्ट्री के लिये मशीने खरीद में पार्टनर बनाने का प्रलोभन देकर 5 लाख 50 हजार रूपये नगद ले लिए। साथ ही उसके पिता के बैंक खाता क्रमांक 10518313376 से ऋषभ सिंह के बैंक ऑफ बडोदा छतरपुर में खाता क्रमांक 106482020002286 जो श्री कृपा फूड इंडस्ट्रीज के नाम से है, उसमे 11 लाख 50 हजार रुपये अलग-अलग दिनाकों में डलवा लिए। इसके अलावा तीन लाख रूपये फैक्ट्री की सामाग्री खरीदने के व कच्चा माल के लिये अर्पित त्रिपाठी और ऋषभ सिंह के बैंक खाते में प्रार्थी ने यूपीआई के माध्यम से भेजे हैं। जीतेन्द्र ने बताया कि तीनों लोगो ने मेरे द्वारा दी गई राशि में कुछ राशि स्वयं अपने व अन्य लोगों के खाते में अन्तरण कर ली। साथ ही फैक्ट्री के लाभांश में भी कोई हिस्सा नहीं दिया। बहुत कहने पर 2 सितंबर 2023 को एक नोटरी द्वारा सत्यापित भागीदारी फर्म में कार्य करने व राशि लेने का लेख कराया। जीतेन्द्र के मुताबिक तीनों लोगों ने स्वंय की राशि फैक्ट्री में नही लगाई है और प्रार्थी से ली गई राशि में हेराफेरी कर हड़प ली है। जब जीतेन्द्र ने अपने पैसे वापिस मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी जा रही है। ज्यादा जोर देने पर कुछ रुपये लौटाए गए है मगर अब धमकाया जा रहा है। उसने एसपी से मामले की जांच कराके न्याय के8 मांग की है।

कृष्णा विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स फेस्ट के सातवें दिन छाया रहा महिला क्रिकेट का रोमांच

# महिला क्रिकेट में विधि संकाय और पैरामेडिकल संकाय की टीमें जीतकर फाइनल में पहुंची



**छतरपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्णा विश्वविद्यालय में बारह दिवसीय स्पोर्ट्स फेस्ट के सातवें दिन महिला क्रिकेट का रोमांच छाया रहा। विधि संकाय और पैरामेडिकल संकाय की टीमें जीतकर फाइनल में पहुंच गई हैं।

छात्राओं का प्रथम क्रिकेट मैच मानविकी सामाजिक विज्ञान संकाय बनाम विधि संकाय के मध्य हुआ। इस मैच में विधि संकाय ने जीत दर्ज की। दूसरा मैच पैरामेडिकल संकाय बनाम मैनेजमेंट संकाय की छात्राओं की टीम के मध्य हुआ। जिसमें पैरामेडिकल संकाय ने जीत दर्ज की। आज के महिला क्रिकेट टूर्नामेंट की मुख्य अतिथि डॉ. ममता बाजपेयी परीक्षा नियंत्रक, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखड विश्वविद्यालय थी। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा दुबे, प्राध्यापक हिन्दी विभाग, महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय छतरपुर, डॉ. विभा वासुदेव, प्राध्यापक अर्थशास्त्र महाराजा छत्रसाल बुंदेलखंड विश्वविद्यालय रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. रेखा शर्मा प्राचार्य शासकीय शिक्षा महाविद्यालय ने की। मंचासीन अतिथियों का स्वागत कुलसचिव विजय सिंह ने किया। स्वागत भाषण वरिष्ठ सलाहकार डॉ.वीएस राजपूत ने दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. ममता बाजपेयी ने तेजी से आगे बढ़ रही महिलाओं के प्रयासों को सराहा। विशिष्ट अतिथि डॉ. पुष्पा दुबे ने कहा कि सरकारी नीतियां भी महिलाओं की खेल क्षेत्र में भागीदारी को बढ़ावा देने में मदद करती हैं। जो महिलाओं को अपनी क्षमता के अनुसार खेल में भाग लेने का मौका देते हैं। विशिष्ट अतिथि डॉ. विभा वासुदेव ने कहा कि खेलना हमारे शारीरिक दक्षता और क्षमता को बढ़ाता है। खेल मानसिक विकास के लिए भी महत्वपूर्ण है। अध्यक्षता कर रहीं डॉ. रेखा शर्मा ने कहा कि खेल से मानवीय मूल्यों और सामूहिक चेतना का विकास होता है।

### खेलों में बढ़ रही महिलाओं की भागीदारी

अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुये कुलसचिव विजय सिंह ने कहा कि भारतीय महिला प्रतिनिधित्व टीमें विभिन्न खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं। खेल जगत में भारतीय महिलाओं की भागेदारी बढ़ती जा रही है, ये शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि भारतीय समाज में महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है जो उन्हें समाज के अलगाव से मुक्त करने में सहयोग कर उनके सम्मान में वृद्धि कर रही हैं। हम भी अपनी छात्राओं को विभिन्न खेलों के लिए प्रशिक्षित कर रहे हैं। जिससे वह प्रदेश और राष्ट्र स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा को दिखा सकें। महिला क्रिकेट मैच कमेन्ट्री में कुलदीप खरे एवं अम्पायर में ओमप्रकाश एवं राहुल रैकवार की भूमिका रही। स्पोर्टस फेस्ट 2023 आयोजन समिति प्रमुख सदस्य के रूप में डॉ. शिवेन्द्र सिंह परमार, डॉ. सचिन व्यास, डॉ. आशीष पचौरी, विवेक प्रताप सिंह, गौरव शर्मा और नीरज पटेल की खास भूमिका रही है।

मध्यप्रदेश शासन

# 'पहुंचेंगे हर वंचित तक'



नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री

# विकसित भारत संकल्प यात्रा



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री

प्रधानमंत्री

## नरेन्द्र मोदी

द्वारा

वर्चुअल एवं

## डॉ. मोहन यादव

मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश की गरिमामयी उपस्थिति में

# शुभारंभ

**16 दिसम्बर, 2023 | अपराह्न 3:00 बजे**

**दशहरा मैदान, उज्जैन, मध्यप्रदेश**

एमपी के मन में मोदी




- भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पांच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, राजस्थान एवं मिजोरम की प्रचार वेन का हरी झंडी दिखाकर वर्चुअल शुभारंभ
- माननीय प्रधानमंत्री जी का आम जन को संदेश एवं विभिन्न योजनाओं पर आधारित फिल्मों का प्रदर्शन
- केन्द्र एवं राज्य शासन की जनहित योजनाओं का पात्र हितग्राहियों को शत-प्रतिशत लाभ
- प्रचार वेन के माध्यम से योजनाओं की जानकारी आम जन तक पहुंचाना
- **'मेरी कहानी मेरी जुबानी'** यानी लाभार्थियों के अनुभवों से योजनाओं का प्रचार-प्रसार
- शेष बचे पात्र हितग्राहियों का चिन्हांकन
- स्वास्थ्य कैम्प, क्विज़, सांस्कृतिक कार्यक्रम व ड्रोन प्रदर्शन जैसे जागरुकता कार्यक्रम
- ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की अनेक योजनाएं सम्मिलित

D-11154/23

सीधा प्रसारण https://pmindiawebcast.nic.in @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

# अभिमत

*अगर हम इस साल की दोनों तिमाहियों यानी अप्रैल से सितंबर की अवधि को एक साथ जोड़ लेते हैं तो जीडीपी में वास्तविक रूप से 7.7 प्रश की वृद्धि हुई है। इस दर से पूरे वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि निश्चित रूप से 7 प्रति सैकड़ा को पार कर जाएगी और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना देगी। युद्ध, मुद्रास्फीति, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, जियो पोलिटिकल तनाव और अनिश्चितता के कारण उथल-पुथल के कठिन समय में जीडीपी वृद्धि प्राप्त करना एक बहुत ही शानदार उपलब्धि है।*

## उच्च वृद्धि बनाए रखने के लिए उपभोक्ता खर्च को बढ़ावा मिले



डॉ.अजीत रानाडे

सरकार ने इस साल 30 नवंबर को जुलाई से सितंबर तक की अवधि यानी दूसरी तिमाही के आर्थिक आंकड़े प्रकाशित किए। इन्हें राष्ट्रीय आर्थिक उत्पादन का त्वरित अनुमान कहा जाता है। वे आउटपुट संख्याओं के दो व्यापक सेट अर्थात सकल मूल्य वर्धित (जीवीए) और सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के लिए प्रदान किए जाते हैं। पहला सेट प्रत्येक व्यक्तिगत उत्पादक या क्षेत्र अथवा उद्योग द्वारा अर्थव्यवस्था में जोड़े गए मूल्य का एक उपाय है। यह निश्चित रूप से सभी उत्पादकों में मापा जाता है, चाहे वे किसान हों, छोटे उद्यमी हों या बड़ी कंपनियां। जीवीए इस प्रकार इनपुट को आउटपुट में परिवर्तित करने में जोड़े गए मूल्य को मापता है। उत्तरार्द्ध यानी जीडीपी एक निश्चित अवधि के भीतर उत्पादित वस्तुओं और सेवाओं का मूल्य है जो वार्षिक जीडीपी या त्रैमासिक जीडीपी हो सकता है। इसे तीन अलग-अलग तरीकों से मापा जाता है- या तो सभी उत्पादन के मूल्य के रूप में अथवा सभी व्यय के या सभी आय के। तीनों एक ही परिणाम देते हैं क्योंकि जो बेचा जाता है उसका कुल मूल्य उन लोगों की आय का भी प्रतिनिधित्व करता है जो बेचे जाते हैं। जीवीए और जीडीपी के बीच एकमात्र अंतर भुगतान किए गए करों या प्राप्त सब्सिडी का है। आम तौर पर जीडीपी हमेशा जीवीए से अधिक होती है क्योंकि सरकार वास्तविक कर लगाती है जिसका संग्रह सब्सिडी से अधिक होता है।

चालू मूल्य पर जुलाई से सितंबर की अवधि के लिए मापी गई जीडीपी 72 लाख करोड़ रुपये रही जो पिछले साल की समान अवधि में 66 लाख करोड़ रुपये थी। इस ओर पिछले वर्ष की समान दो तिमाहियों के लिए जीवीए क्रमश: 64 और 59 लाख करोड़ था। इस तिमाही दर पर चालू कीमतों पर वार्षिक जीडीपी चालू वित्त वर्ष के दौरान 300 लाख करोड़ तक पहुंचने की संभावना है। यह दस साल पहले 2012 की तुलना में तीन गुना या 200 प्रतिशत अधिक होगा।

जीडीपी और जीवीए के लिए बढ़ती कीमतों के असर को हटाकर इन्हीं आंकड़ों की जांच करने की जरूरत है। ऐसे में जब पिछले चार साल से मुद्रास्फीति औसतन पांच प्रतिशत के करीब है, मौजूदा कीमतों पर मापा जाने वाला जीडीपी या जीवीए में वृद्धि 'वास्तविक' तस्वीर नहीं है क्योंकि इसमें 'बढ़ा-चढ़ाकर' बताया जाना वाला घटक भी है। मुद्रास्फीति के प्रभाव को हटा दें तो दूसरी तिमाही के दौरान जीडीपी की वास्तविक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत रही जो पिछले साल की 6.2 फीसदी से ज्यादा है। यह काफी प्रसन्नता की बात है।

अगर हम इस साल की दोनों तिमाहियों यानी अप्रैल से सितंबर की अवधि को एक साथ जोड़ लेते हैं तो जीडीपी में वास्तविक रूप से 7.7 प्रश की वृद्धि हुई है। इस दर से पूरे वर्ष के लिए जीडीपी वृद्धि निश्चित रूप से 7 प्रति सैकड़ा को पार कर जाएगी और भारत को दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना देगी। युद्ध, मुद्रास्फीति, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान, जियो पोलिटिकल तनाव और अनिश्चितता के कारण उथल-पुथल के कठिन समय में जीडीपी वृद्धि प्राप्त करना एक बहुत ही शानदार उपलब्धि है।

इसलिए हमें तीन चीजों की जांच करने की जरूरत है। सबसे पहले तो इस सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि को कौन से घटक प्रेरित कर रहे हैं? दूसरा, क्या यह मध्यम से लंबी अवधि में टिकाऊ है और तीसरा, सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि के लाभ लोगों के विभिन्न वर्गों, उनकी आजीविका, आय और रोजगार के संदर्भ में लाभ के रूप में क्या बदलाव आ रहे हैं।

पहले सवाल का जवाब यह है कि उपभोक्ता खर्च की तुलना में सरकार का खर्च और निवेश खर्च बहुत तेजी से बढ़ा है। ध्यान रखें कि सरकारी खर्च 10 प्रश और निवेश खर्च (जिसे पूंजी निर्माण भी कहा जाता है) 30 फीसदी बढ़ा है। बाकी का खर्च उपभोग खर्च है जो खर्च का सबसे बड़ा हिस्सा है। वर्तमान में शुद्ध निर्यात मुश्किल से 1 या 1.5 प्रतिशत है। गत वर्ष की तुलना में जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान सरकारी खर्च 19 फीसदी की दर से बढ़ा। इस तिमाही में यह 7 लाख करोड़ रहा जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह 5.9 लाख करोड़ था। इसी तरह, निवेश खर्च पिछले साल की तुलना में 13 प्रति सैकड़ा बढ़कर 21.5 लाख करोड़ हो गया जो पिछले साल 19.1 लाख करोड़ था। स्पष्ट रूप से ये दोनों एक शानदार गति से विकास दर को चला रहे हैं। दूसरी ओर, उपभोक्ता खर्च पिछले साल की तुलना में इस तिमाही में सिर्फ 8 प्रति सैकड़ा बढ़ा। ये सभी नाममात्र के आंकड़े हैं जिन्हें मुद्रास्फीति और बढ़ती कीमतों के प्रभाव के लिए समायोजित नहीं किया गया है।

यदि आप मुद्रास्फीति के लिए सही आंकलन करते हैं तो उपभोक्ता खर्च केवल 3 प्रतिशत के आसपास बढ़ रहा है और यह सकल घरेलू उत्पाद का 60 प्रतिशत बनाता है। यदि मध्यम अवधि में वास्तविक जीडीपी वृद्धि की गति को 7 फीसदी बनाए रखना है तो उपभोक्ता खर्च घटक को 6 या 7 प्रतिशत के करीब बढ़ना होगा। इसका मतलब है कि जुलाई से सितंबर की नवीनतम तिमाही के दौरान यह (वास्तविक रूप में) जिस दर से बढ़ी है, उसे दोगुना करना। यदि रोजगार, मजदूरी और खुदरा ऋणों में अनुरूप वृद्धि होती है तो उपभोक्ता खर्च की गति को बनाए रखा जा सकता है। खुदरा ऋणों में आवास ऋण शामिल हैं जो विकास में महत्वपूर्ण सहयोगी हो सकते हैं। उच्च मुद्रास्फीति उपभोक्ता भावना पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है क्योंकि लोग विवेकाधीन वस्तुओं पर खर्च में कटौती करते हैं। निवेश खर्च बढ़ रहा है जो एक बहुत अच्छा संकेत है। इसमें निजी पूंजीगत खर्च का एक बढ़ता हुआ घटक होना चाहिए और इसे केवल बुनियादी ढांचे पर सरकारी खर्च पर निर्भर नहीं होना चाहिए। राजकोषीय प्रोत्साहन प्रदान करने वाली सरकार घाटे की स्थिति से बाधित है इसलिए इसे नियंत्रित करने की जरूरत होगी। छमाही आधार पर वर्तमान कीमतों पर जीडीपी का सरकारी घटक 9 प्रतिशत बढ़ा जो उपभोक्ता खर्च घटक की तुलना में थोड़ा अधिक है। फिर भी, हम 2024 के राष्ट्रीय चुनावों के करीब आ रहे हैं इसलिए इस वित्तीय वर्ष के दौरान सरकार के पूंजीगत व्यय को बढ़ावा देने की संभावना है जो जीडीपी विकास को अतिरिक्त ताकत प्रदान करेगा।

यह उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है। जहां तक तीसरे सवाल की बात है कि विकास के लाभ समाज के विभिन्न वर्गों तक कैसे पहुंच रहे हैं, हमें सर्वेक्षणों के माध्यम से अधिक सूक्ष्म आर्थिक आंकड़ों की आवश्यकता होगी। आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) पुरुषों और महिलाओं दोनों द्वारा बढ़ती रोजगार संख्या और उच्च श्रम बल भागीदारी दर का संकेत दे रहा है। वास्तविक मजदूरी दरों में वृद्धि की पुष्टि करने की आवश्यकता है।

चूंकि उपभोक्ता खर्च में वृद्धि की वर्तमान दर कम है, तो इसका अर्थ है कि भले ही मजदूरी बढ़ रही हो किन्तु श्रमिकों की आय पर्याप्त तेजी से नहीं बढ़ रही है। आरबीआई उपभोक्ता भावना सर्वेक्षण भी एक उपयोगी गाइड है। यहां भी मुद्रास्फीति की उम्मीद कम होने से उपभोक्ताओं का भरोसा बढ़ाने में मदद मिलेगी। आम तौर पर उच्च आय वाले परिवारों में बचत का अनुपात बहुत अधिक होता है इसलिए उपभोक्ता खर्च में निरंतर वृद्धि के लिए सभी आय श्रेणियों में विकास के लाभ की आवश्यकता होती है। यह कुछ ऐसा मुद्दा है जिसे हमें देखने की जरूरत है। अर्थव्यवस्था के बारे में आ रहे समाचार बेहतर हो रहे हैं और यह जरूरी है कि आर्थिक नीति यह सुनिश्चित करे कि विकास प्रक्रिया वास्तव में समावेशी हो।

*(लेखक प्रसिद्ध अर्थशास्त्री हैं। सिंडिकेट: द बिलियन प्रेस)*

**यह उपभोक्ता और निवेश खर्च में वृद्धि की निरंतरता पर निर्भर करता है कि मध्यम से दीर्घावधि में 7 या 7.5 प्रतिशत की वृद्धि दर बनी रह सकती है या नहीं। भारत बड़े निवेश प्रवाह को आकर्षित कर रहा है तथा कई क्षेत्रों में बहुत सकारात्मक विकास दृष्टिकोण है। इसलिए विकास को बनाए रखने के लिए केवल मूल्य व नीतिगत स्थिरता और राजकोषीय विवेक की आवश्यकता होती है।**

## बीता सप्ताह

**9 दिसंबर**

- पैसे लेकर सवाल पूछने के मामले पर तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा की संसद की सदस्यता खत्म कर दी गई।
- मिजोरम में कांग्रेस के लालदुहोमा नए मुख्यमंत्री बनेष।
- इसरो को मिली बड़ी उपलब्धि। आदित्य एल-1 ने खींची सूर्य की पहली फुल डिस्क तस्वीरें।
- रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन 2024 में फिर से राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

**10दिसंबर**

- बस्तर में भाजपा नेता कोमल माझी का नक्सलियों ने की हत्या।
- अदालतों में पाक्सो एक्ट के अंतर्गत पंजीकृत अपराध के 2,43 लाख मामले लंबित पड़े हैं।
- तेलंगाना सरकार ने महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा की शुरुआत की।
- राजधानी दिल्ली दुनिया के प्रदूषित शहरों में चौथे स्थान पर है। विश्व वायु गुणवत्ता रिपोर्ट-2022 में हुआ खुलासा।

**11 दिसंबर**

- आदिवासी नेता विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ के नए मुख्यमंत्री बने।
- छत्तीसगढ़ के जांजगीर में सड़क हादसे में बारात से लौट रहे बाराती व दूल्हा-दुल्हन सहित पांच लोगों की मौत हो गई।
- बसपा की सुप्रीमो नेत्री मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को उत्तराधिकारी घोषित किया।
- छत्तीसगढ़ रायपुर के एयरपोर्ट में एक यात्री से एक करोड़ से अधिक का सोना जब्त किया गया।

**12 दिसंबर**

- मोहन यादव मध्यप्रदेश के नए मुख्यमंत्री चुने गए गए।
- सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटाने का फैसला बरकरार रखा।
- अर्जेंटीना में नवनिर्वाचित राष्ट्रपति जेवियर माइली ने संभाली सत्ता।
- ब्रिटिश शिक्षाविदों ने वैश्विक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) का आह्वान किया।

**13 दिसंबर**

- विधायक भजनलाल शर्मा पहली बार बने राजस्थान के नए मुख्यमंत्री।
- विश्वव्यापी जीवन गुणवत्ता रैंकिंग में वियना शीर्ष पर व बेंगलुरु से हैदराबाद आगे।
- छत्तीसगढ़ के नवापारा राजिम में सड़क हादसे में पिता सहित दो मासूम पुत्रियों की मौत हो गई।
- पोलैंड में संसद ने डोनाल्ड टस्क को नए प्रधानमंत्री के रूप में चुना।
- जापान में सबसे अधिक बुजुर्ग महिला 116 वर्षीय फुसा तात्सुमी का निधन हो गया।

**14 दिसंबर**

- आदिवासी नेता विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री पद एवं अरुण साव ने उपमुख्यमंत्री पर दी शपथ ली।
- संसद में सुरक्षा को सेंध लगाते हुए दर्शक दीर्घा से स्मोक बम लेकर कूदे दो युवक। सासंदों ने पकड़ किया पुलिस के हवाले।
- मध्यप्रदेश में मोहन यादव ने नए मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।
- संसद में 76 कानूनों को निरस्त करने वाले विधेयक को मंजूरी दी गई।

**15 दिसंबर**

- 13 दिसंबर को संसद में सुरक्षा चूक को लेकर हंगामा किया गया। 14 सांसद पूरे सत्र के लिए निलंबित किए गए।
- छत्तीसगढ़ के प्रदेश कांग्रेस से महंत रामसुंदर दास महंत ने इस्तीफा दिया।
- भजनलाल शर्मा को राजस्थान के मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई गई।
- इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा शाही ईदगाह विवादित स्थल का सर्वे कराने का आदेश दिया।
- महाराष्ट्र की 26 वर्षीय स्मीतल ढाके एक डेटा वैज्ञानिक ब्रिटेन में 2023 का रेल स्टॉफ अवार्ड में न्यूकमर ऑफ दि इयर का पुरस्कार जीता।

### कन्हैयालाल वैद्य की आज 49 वीं पुण्यतिथि

## ऐसे पत्रकार जिन्होंने एकमात्र कुर्ता रात को धोया, सुबह उसे पहनकर ली राज्यसभा की शपथ

■ कैलाश सनोलिया



प्रखर पत्रकार, पूर्व राज्यसभा सदस्य, स्वाधीनता सैनानी स्व.कन्हैयालाल वैद्य की आज 16 दिसंबर को पुण्यतिथि है।

कर्मभूमि उज्जैन से जुड़े पत्रकार वैद्य के जीवन के त्याग-तपस्या की अजीब कहानी है। स्व वैद्य स्वतंत्र भारत की पहली राज्यसभा में पत्रकार के किरदार में पंडित जवाहरलाल नेहरू की पसंद पर 1952 में राज्यसभा पहुंचे। आपकी जीवन की ईमानदारी का इसके बड़ा कोई उदाहरण नहीं होगा शपथ लेने के लिए जब दिल्ली पहुंचे तो जिस कुर्ते को पहनकर गए थे उसे रात में धोकर सुबह शपथ ली। वर्ष 1958 में जब कार्यकाल समापन के बाद घर लौटे तो परिजनों को नईपेठ स्थित दो कमरों का किराए का मकान पुन- नसीब हुआ। इस घटना को दैनिक हिंदुस्तान के सहायक संपादक शिवकुमार ने एक बार लेख में इस प्रकार से रेखांकित किया - वैद्य की राज्यसभा सदस्यता पर अपार खुशी हुई। आदतन ऐसे मौके पर बधाई किसी को बधाई देने बहुत कम जाता हू। हर्ष के कारण पत्रकार साथी को बधाई देने का मोह रोक नहीं पाया। शपथ ग्रहण की पूर्व शाम को जानकारी मिली कि नईदिल्ली में वैद्यजी सांसद कृष्णकांत व्यास के निवास पर ठहरे थे। मैं वहा गया और वैधजी को पुकारा। तब उनकी आवाज स्नानागार से आई। जब मैं वहां पहुंचा तो वे अपना कुर्ता धो रहे थे। वे सहज भाव से बोले कल शपथ लेना है इसलिए कुर्ते को धो रहा हू। वे नि- संकोच बोले एक ही कुर्ता है। जब वैद्य का कार्यकाल राज्यसभा से 1958 में समाप्त हुआ तो पत्नी रूपकुंवर वैद्य एवं पुत्र क्रांति कुमार वैद्य को उज्जैन वहीं किराए का मकान नसीब हुआ जहां से शपथ लेने के लिए संसद गए थे। यहां तक वैद्य का निधन 16 दिसंबर 1974 को हुआ तब भी परिजनों को किराए के मकान की विरासत सौंप कर दुनिया से अलविदा हुए।

**उज्जैन से कल्पवृक्ष :** वैद्य ने 1928 में टाइम्स ऑफ इंडिया में कलम चलाना शुरू किया। बाद में देश के लगभग 70 से भी अधिक गुजराती, अंग्रेजी, उर्दू एवं हिंदी समाचारों में अपनी कलम के जौहर दिखाए। उज्जैन में पत्रिका कल्पवृक्ष से पत्रकारिता शुरू की। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री जयनारायण व्यास के साथ मिलकर मुंबई से 1936 में दैनिक अखंड भारत समाचार पत्र निकाला। इस समाचार पत्र में अंग्रेज़ों एवं देशी रियासतों के खिलाफ अलख जगाई। स्वयं ने समाचार पत्र का संपादन किया। लगभग दो वर्ष के बाद यह समाचार पत्र उस समय 50 हजार के नुकसान के साथ प्रकाशन बंद हुआ। प्रेस तक बेचना पड़ी। पंडित नेहरू की अध्यक्षता में वैद्य सबसे अधिक मतों से अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद के अध्यक्ष चुने गए। इसी प्रकार आचार्य नरेंद्र देव की अध्यक्षता में गुजरात में अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद के महामंत्री बने।

**मध्यभारत श्रमजीवी पत्रकार संघ के प्रथम अध्यक्ष :** मध्यभारत श्रमजीवी पत्रकार संघ के आप प्रथम प्रांतीय अध्यक्ष बने। विक्रम विश्व विद्यालय के संस्थापकों में आपका नाम शुमार है। बरकत उल्लाह विश्वविद्यालय से डॉ सूर्यकांत शर्मा ने सेनानी कन्हैयालाल वैद्य के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर पीएचडी की है।

**एक दर्जन पुस्तकों के रचयिता :** स्वाधीनता आंदोलन एवं पत्रकारिता के साथ-साथ वैद्य ने एक दर्जन से भी अधिक हिंदी एवं अंग्रेज़ी में पुस्तकें लिखीं। वर्ष 1934 में दो पुस्तकें झाबुआ राज्य में 'भयंकर कुशासन' एवं 'झाबुआ किधर' प्रकाशित हुई। इसी प्रकार वर्ष 35-36 में झाबुआ राज्य की प्रजा का आंदोलन और स्वार्थ साधकों की चालबाजियां, झाबुआ में काउन्सिल शासन, खुश रहो अहले वतन, स्ट्रगल ऑफ झाबुआ सब्जेक्ट चर्चित हुई। हम कहां हैं एवं ग्वालियर राजनैतिक षडयंत्र केस तथा ट्रुथ कांग्रेस वर्ष 1938 में प्रकाशित हुई। वर्ष 1940 से लेकर 45 की समय अवधि में झाबुआ गोलीकांड और बलात्कार की काली कहानी, रतलाम 28 मार्च के लाठी चार्ज और नज़रबंदी तथा राजनैतिक स्थिति का सच्चा चित्र व मध्यभारत की जनता से का प्रकाशन हुआ।

**पत्रकारिता से राजा को गद्दी से उतारा :** वैद्य ने अपने जीवन में रियासतों के खिलाफ खूब कलम चलाई। आपने झाबुआ रियासत के राजा उदयसिंह से जमकर लोहा लिया। राजा के जुर्म को लेकर वर्ष 1934 में अंग्रेजी में एक पुस्तक लिखी। इस पुस्तक पर गोलमेज कांन्फ्रेंस में बहस हुई। बाद में अंग्रेज़ी हुकूमत ने राजा को गद्दी से उतार दिया और रेसीडेंसी इंदौर में रहने का आदेश दिया। वैद्यजी के कारण बाद में राजा जीते जी झाबुआ अंचल में नहीं आ पाया।

**सेनानी शब्द वैद्य की देन :** मामा बालेश्वर दयाल के अनन्य साथी वैद्य को वर्ष 1970 में पं. श्यामाचरण शुक्ल के आतिथ्य एवं प्रो. महेश दत्त मिश्र की अध्यक्षता में सैनानियों के अधिवेशन में मप्र स्वाधीनता सैनानी संघ का अध्यक्ष चुना गया। राष्ट्रीय स्तर पर भी सैनानी संघ का उपाध्यक्ष का पद भी संभाला। देश में स्वाधीनता सेनानियों को किसी समय राजनीतिक पीड़ित शब्द से पुकारा जाता था। वैद्य ने इसके खिलाफ लड़ाई लड़ी और सम्मानजनक स्वाधीनता सेनानी शब्द के संबोधन का दर्जा दिलाया

**सनद छिनने पर थामी कलम :** आदिवासी अंचल झाबुआ जिले के थांदला में जागीरदार स्व. दौलतराम वैद्य के यहां माता पार्वतीबाई की कोख से वैद्य का जन्म 1 फरवरी 1909 को हुआ। उन्होंने झाबुआ में वकालत शुरू की तब अंग्रेज़ों के जमाने में मात्र 22 वर्ष की उम्र में 1931 में उनकी वकालत की सनद छीन ली गई। झाबुआ राज्य के तत्कालीन राजा उदयसिंह से टकराने पर धारा 124 ए के तहत राजद्रोह का मुकदमा वैद्य जी पर लादकर 6 माह तक जेल में बंद किया गया। रियासतों से मुक्ति एवं जागीरदारों के खिलाफ जंग आपके जीवन का हिस्सा रहा। वर्ष 1936 में आप दाहोद गुजरात में अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद के महामंत्री चुने गए।

**जयप्रकाश नारायण के साथ अखंड भारत :** वैद्य ने नवभारत टाइम्स से जुड़कर पत्रकारिता में कदम रखे। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री जयप्रकाश नारायण के साथ वर्ष 1936 में दैनिक अखंड भारत समाचार पत्र मुबंई से निकाला था। इस समाचार में प्रकाशित तीखी ख़बरों से लगभग एक दर्जन राजाओं को राजपाट खोना पड़ा। पत्रकारिता के जीवन में वीर अर्जुन, दैनिक हिंदुस्थान, जन्मभूमि, अमृत बाजार पत्रिका, नवज्योति, अमर उजाला जैसे समाचार पत्रों में कलम के जौहर दिखाए। आपने हिंदी, अंग्रेज़ी, गुजराती, मराठी, उर्दू भाषाओं में लगभग 40 प्रमुख समाचार पत्रों में अपनी सेवाएं दी। 70 से भी अधिक समाचार पत्रों में बतौर स्वतंत्र पत्रकार कलम चलाई। अंग्रेज़ों के षडयंत्रों का भंडाफोड़ करना आपकी पत्रकारिता का एक मिशन था। स्वाधीनता आंदोलन तथा राजाओं के खिलाफ आवाज़ उठाने पर आपको महीनों तक जेल जाना पड़ा। यहां तक पूरे थांदला में आपके भाई बंधुओं को निर्वासन की यातनाओं से जूझना पड़ा। झाबुआ रियासत में परिवार के लोग बेगारी में कार्य करने के लिए विवश किए गए। जिसका परिणाम है कि वैद्य के परिजन स्व. बद्रीनारायण वैद्य, स्व. रामनारायण वैद्य, स्व. तुलसीराम वैद्य को स्वाधीनता सेनानी के सम्मान से प्रदेश सरकार ने नवाज़ा।

**1952 में राज्यसभा में :** देश की पहली राज्यसभा में एक पत्रकार के किरदार में पंडित जवाहरलाल नेहरू की अनुशंसा पर भेजा गया। वर्ष 1958 तक राज्यसभा में आपने जनसरोकार से संबधित कई मसलों पर आवाज़ बुलंद की। कई बार राज्यसभा में कांग्रेस के सामने धर्मसंकट खड़ा किया। आपकी कलम में जहां पैनी धार थी तो वाणी ओजस्वी। वर्ष 1958 में जब राज्यसभा से उज्जैन लौटे तो नई पेठ स्थित किराए का मकान पत्नी स्व. रूपकुंवर वैद्य, पुत्र क्रांति कुमार वैद्य को दोबारा मिला। उज्जैन के क्षत्रिय चौक पर कई सभाओं में आपकी दहाड़ के किस्से पुरानी पीढ़ी के लोग सुनाने से नहीं चूकते हैं।वैद्य क जीवन में तीन रूप देखने को मिलते हैं। आज़ादी आंदोलन काल में संघर्ष से एक जाने-माने स्वाधीनता सेनानी बने। साथ ही पत्रकार की भूमिका में वे जीवन पर्यन्त एक तपस्वी साधक बनकर उभरे। राजनीति में एक लड़ाकू राजनेता के रूप में देश में अमिट छाप छोड़ी। रियासतों से निर्वासन के कारण रेल यात्राओं के दौरान प्लेटफार्म पर कदम रखना भी आपके लिए प्रतिबंधित था। सादा जीवन उच्च विचार के धनी वैद्य का आजीवन खादी से रिश्ता रहा। धोती-कुर्ता आपके परिधान थे।

पूरा जीवन आपने उज्जैन में किराए के मकान में नई पेठ स्थित दूसरी मंजिल पर दो कमरों में गुजारा। एक पूर्व राज्यसभा सदस्य एवं देश का महान पत्रकार जब इस दुनिया से 16 दिसंबर 1974 को अलविदा हुआ तो भी किराए के मकान की ही विरासत परिजनों को सौंपी। लेकिन कई दुर्लभ समाचारों पत्रों की प्रतियों का विपुल भंडार परिजनों के लिए धरोहर बनी। इस धरोहर से कई विद्यार्थियों ने शोध किए। पत्रकारों ने पीएचडी भी की।

**सरकार ने घोषित किया पुरस्कार :** मप्र सरकार के तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह की पहल पर 2008 में जनसंपर्क विभाग ने वैद्य की स्मृति में उज्जैन संभागीय पत्रकारिता पुरस्कार का निर्णय लिया गया। इसके तहत प्रतिवर्ष एक पत्रकार को एक लाख रुपए का पुरस्कार दिया जाता है। इस आलेख के लेखक को यह पुरस्कार मिल चुका है। लेखक का मानना है कि वैद्य जी जैसे पत्रकार के नाम का पुरस्कार पाना सबसे बड़ा सम्मान है।

## राजनीति में जात-बिरादरी

■ प्रमोद भार्गव

मध्यप्रदेश में भाजपा के चुनाव जीतने के बाद मंत्री-परिषद की जिस तरह से गोटियां बिठाई जा रही हैं, उससे साफ है कि भाजपा प्रदेश समेत राजस्थान, उत्तरप्रदेश और बिहार को जातीय महत्व का संदेश दे रही है। सबसे पहला संदेश राजस्थान की कद्दावर नेत्री वसुंधरा राजे सिंधिया को है कि जब 163 सीटों की जीत दिलाने वाले शिवराज सिंह चौहान को सत्ता से बाहर का रास्ता दिखा दिया, तो तुम किस खेत की मूली हो?

मध्यप्रदेश में विधायक दल की बैठक में डॉ. मोहन यादव को बिना किसी विरोध के नेता चुन लिया गया। स्वयं शिवराज ने उनके नाम का प्रस्ताव किया और सांसदी छोड़कर मुख्यमंत्री बनने की कतार में बैठे सभी को समर्थन की विनम्र वाणी उच्चारित करनी पड़ी। यादव के मुख्यमंत्री बनने की घोषणा के साथ ही यह संदेश उत्तरप्रदेश के अखिलेश यादव और बिहार के तेजस्वी और तेजप्रताप यादव को चला गया कि यादवी विस्तार का यह शंखनाद भविष्य में इन दोनों प्रांतों में गूंजने वाला है।

मोहन यादव को मुख्यमंत्री पद से यूं ही विभूषित नहीं किया गया है। भाजपा के पास मौजूदा वक्त में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश और बिहार में कोई प्रमुख यादव नेता नहीं है। इस नाम के सहारे इन राज्यों में जो बंसी बजेगी, उसकी धुन से कांग्रेस, सपा, राजद और जनता दल में जो यादव बेचैन हैं, वे भाजपा के प्रति लालायित होंगे। अखिलेश और तेजस्वी के यादवी वर्चस्व को 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में यह संकट उठाना पड़ सकता है। मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाना अचरज में जरूर डालता है, लेकिन करीब एक साल पहले जब शिवराज सत्ता विरोधी रुझान से जूझ रहे थे, तब भी मुख्यमंत्री बदलने की स्थिति में मोहन यादव का नाम उछला था, लेकिन केंद्रीय नेतृत्व ने बदला नहीं, क्योंकि इसके दूरगामी परिणाम झेलने पड़ सकते थे। भाजपा यदि प्रदेश में हारती तो कहा जाता कि यह हार मुख्यमंत्री बदले जाने के कारण हुई है। यह आरोप मोहन को तो झेलना ही पड़ता, केंद्रीय नेतृत्व भी इस दोष के दायरे में आता।

**भाजपा दूरदृष्टि से काम ले रही थी। वह न केवल मध्यप्रदेश के यादव समुदाय को साधना चाहती थी, बल्कि उत्तरप्रदेश और बिहार के यादवों तक यह संदेश देना चाहती थी कि भाजपा का साथ दिया तो इन राज्यों में भी मोहन यादव जैसे साधारण यादव कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बन सकते हैं। इन प्रदेशों के अखिलेश और तेजस्वी से जुड़े यादव समूहों में भाजपा ने मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा का बीज बोने का काम कर दिया है।**

बहरहाल मोदी और शाह की जोड़ी ने मध्यप्रदेश में स्थिति सुधारने के लिहाज से बार-बार यात्राएं करके कार्यकर्ताओं को तो सक्रिय किया ही, शिवराज को भी मुफ्त की रेवड़ियां बांटने की खुली छूट दे दी। नतीजतन शिवराज ने प्रदेश को कर्ज में डुबोने की परवाह किए बिना, कई स्त्रोतों से कर्ज लिया और उसे बांटकर सत्ता हासिल करने की राह आसान कर ली। इसमें सबसे कारगर योजना 'लाडली बहना' रही जिनके भरोसे भाजपा की नैया पार लगी। चूंकि छत्तीसगढ़ में आदिवासी विष्णुदेव साय को मुख्यमंत्री बना दिया था, इसलिए मध्यप्रदेश में फिर से ओबीसी कार्ड खेलना जरूरी था। शिवराज की जाति किरार-धाकड़ के बाद प्रदेश में दूसरा बड़ा समुदाय लोधी है। इस समुदाय की उमा भारती मुख्यमंत्री रह चुकी हैं। प्रहलाद पटेल भी इसी समुदाय से आते हैं। उन्हें केंद्रीय मंत्री और सांसदी से इस्तीफा दिलाकर विधानसभा चुनाव लड़ाया गया। वे जीत भी गए। अतएव शिवराज के बाद ओबीसी के रूप में दूसरी बड़ी दावेदारी उन्हीं की थी, किंतु इस चेहरे की फेंक लोकसभा चुनाव की दृष्टि से उपयुक्त साबित नहीं हो रही थी, लिहाजा नाम परिवर्तन जरूरी हो गया था।

दरअसल केंद्रीय नेतृत्व उत्तरप्रदेश और बिहार में जातीय लाभ के साथ ऐसा चेहरा देना चाहता था, जो ओबीसी आरक्षण की काट तो लगे ही, कांग्रेस और विपक्षी दलों के जातीय जनगणना के मुद्दे को भी भोथरा साबित कर दे। हालांकि ज्योतिरादित्य सिंधिया ने भी खुद के लिए पिछड़ी जाति का कार्ड अपने कार्यकर्ताओं के माध्यम से खेलने की कोशिश की थी, लेकिन असफल रहे। दरअसल भाजपा दूरदृष्टि से काम ले रही थी। वह न केवल मध्यप्रदेश के यादव समुदाय को साधना चाहती थी, बल्कि उत्तरप्रदेश और बिहार के यादवों तक यह संदेश देना चाहती थी कि भाजपा का साथ दिया तो इन राज्यों में भी मोहन यादव जैसे साधारण यादव कार्यकर्ता मुख्यमंत्री बन सकते हैं। इन प्रदेशों के अखिलेश और तेजस्वी से जुड़े यादव समूहों में भाजपा ने मुख्यमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा का बीज बोने का काम कर दिया है। भाजपा का यह कार्ड सफल होता है तो नीतीश कुमार की कुर्सी को चुनौती पेश आ सकती है।

मोहन यादव को मुख्यमंत्री बनाकर नरेंद्र मोदी ने संघ को भी साधने का काम किया है। बीच-बीच में ऐसी अफवाहें उड़ती रहती हैं कि संघ और भाजपा में दूरियां बढ़ रही हैं। मोहन छात्र रहते हुए 1984 में 'अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद' से जुड़े और 1993 में संघ के रास्ते भाजपा में आ गए। वर्तमान में भी प्रदेश में भाजपा के किसी प्रमुख नेता का मोहन यादव पर बरदहस्त नहीं है। संघ में वे सुरेश सोनी के निकट होने के साथ संघ की नीतियों को आगे बढ़ाने वाले कर्मठ नेता माने जाते हैं, इसीलिए मोदी और शाह की पसंद हैं।

मोहन यादव को महत्व देकर भाजपा ने उत्तरप्रदेश की पिछड़े वर्ग की 54 प्रतिशत आबादी को साधने की कोशिश की है। इसमें 20 प्रतिशत यादव समाज के मतदाता हैं। उत्तरप्रदेश में लोकसभा की 80 सीटें हैं और प्रधानमंत्री बनने का मार्ग यहीं से खुलता है। बिहार में लोकसभा की 40 सीटें हैं। यहां पिछड़े वर्ग की कुल आबादी 63 प्रतिशत है, जिसमें 14 प्रतिशत यादव बताए जाते हैं। जाहिर है, यादव मतदाताओं को साधने की यह कवायद आम चुनाव में भाजपा को लाभदायी साबित हो सकती है।

जिन जगदीश देवड़ा को उपमुख्यमंत्री बनाया गया है, वे भी संघ के करीबी होने के साथ-साथ अनुसूचित जाति से आते हैं। इस चेहरे के साथ भी जातीय समुदाय के वोट लुभाने की पहल भाजपा ने की है। दूसरा उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ला को बनाया गया है, जो प्रदेश में बड़ा ब्राह्मण चेहरा हैं। शिवराज मंत्रिमंडल में मंत्री होने के साथ विंध्य क्षेत्र के हर चुनाव में प्रमुख चेहरा रहने वाले शुक्ला जीत की गारंटी भी रहे हैं। पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर मुख्यमंत्री की दौड़ में तो पिछड़ गए, लेकिन विधानसभा अध्यक्ष की आसंदी पर बैठ गए। उन्हें नरेंद्र मोदी के करीबी और भरोसेमंद मंत्रियों में गिना जाता है इसलिए चुनाव लड़ने वाले अन्य सांसदों को उन्होंने पीछे छोड़ दिया। तोमर के जरिए भाजपा ने क्षेत्रीय कार्ड भी खेला है।

**(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं।)**

फर्जी दस्तखत से जारी किया आदेश-

# राजस्व निरीक्षक ने किए सीएमओ के दस्तखत, 24 घंटे में मांगा जवाब




कार्यालय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ (म.प्र.)
दिनांक- 14/12/2023
-आदेश-
मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद टीकमगढ़
पृ.क्र. 6177 स्व.शा./न.पा./2023 टीकमगढ़ दिनांक 14/12/23
प्रतिलिपि-
1. अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद टीकमगढ़ की ओर सूचनार्थ।
2. परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण टीकमगढ़ की ओर सूचनार्थ।
3. मुख्य नगर पालिका अधिकारी टीकमगढ़ की ओर सूचनार्थ।
4. संबंधित कर्मचारी .................. के नाम से पालनार्थ।

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय नगर पालिका में सीएमओ के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर आदेश जारी करने का मामला सामने आया है। मामला उजागर होने पर सीएमओ ने संबंधित कर्मचारी को नोटिस जारी कर 24 घंटे के अंदर जवाब मांगा है। समय सीमा में जवाब नहीं देने पर एक तरफा कार्रवाई करने की बात कही गई है। नगर पालिका में पदस्थ राजस्व निरीक्षक दिलीप पाठक ने गुरुवार को सीएमओ के फर्जी हस्ताक्षर बनाकर एक आदेश जारी किया। इसमें नपा के कर्मचारी विजय वाल्मीकि को अपने काम के साथ अहमद खान के स्थान पर प्रभारी हवलदार का काम करने के निर्देश जारी किए गए। सीएमओ गीता मांझी का कहना है कि यह आदेश मेरे फर्जी दस्तखत बनाकर जारी किया गया है। जब इस मामले का पता चला तो उन्होंने राजस्व निरीक्षक दिलीप पाठक को नोटिस जारी किया है। इसमें सीएमओ ने लिखा है कि राजस्व निरीक्षक ने फर्जी हस्ताक्षर बनाकर आदेश जारी किया है। नोटिस में कहा गया है कि फर्जी हस्ताक्षर बनाने का कृत्य दंडनीय अपराध की श्रेणी में आता है। सीएमओ ने गुरुवार को इस संबंध में राजस्व निरीक्षक दिलीप पाठक को नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के अंदर जवाब देने के निर्देश दिए हैं। इसमें कहा है कि समय सीमा में नोटिस का जवाब नहीं दिया गया तो एक पक्षीय कार्रवाई कर सस्पेंड किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की कहा

# विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन समन्वय बनाकर बेहतर तरीके से किया जाए : मुख्यमंत्री




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 16 दिसंबर से 26 जनवरी तक आयोजित होने वाली विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जनप्रतिनिधियों तथा संबंधित अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चर्चा की। उन्होंने निर्देशित किया कि यात्रा का आयोजन जनप्रतिनिधि एवं प्रशासन समन्वय बनाकर बेहतर तरीके से करें। कार्यक्रमों में महिलाओं, युवाओं तथा स्कूली विद्यार्थियों की भी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। यात्रा के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथा संभव निराकरण किया जाए। पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाए तथा जिन आवेदनों का निराकरण तत्काल संभव नही है उन हितग्राहियों को सूचित भी किया जाए। वीडियो कॉन्फसिंग के माध्यम से संपन्न हुई इस बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती उमिता सिंह, अमित नुना, अन्य जनप्रतिनिधिगण, कलेक्टर अवधेष शर्मा, जिला पंचायत सीईओ नवीत कुमार धुर्वे, एसडीएम टीकमगढ़ संजय कुमार दुबे संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। केन्द्र सरकार की जनहितैषी योजनाओं, लाभों और सुविधाओं के बारे में जागरूकता सुनिश्चित करने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजना का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा का राज्य स्तर पर शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 16 दिसंबर की शाम 4 बजे उज्जैन में आयोजित कार्यक्रम से किया जाएगा। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम कृषि महाविद्यालय के सभागार में आयोजित किया जा रहा है। विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आईईसी वेन के माध्यम से प्रधानमंत्री का संदेश दिखाया जाएगा। भारत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं के हितग्राहियों के जीवन में आए बदलाव के संबंध में अनुभव साझा किए जाएंगे। साथ ही चिन्हित योजनाओं से वंचित हितग्राहियों को पात्रतानुसार लाभ प्रदान करने की कार्यवाही की जाएगी। यात्रा का समापन 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस पर होगा।

जिला अस्पताल के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर-

# वेतन की लेट-लतीफी से खफा हुए कर्मचारी, सिविल सर्जन के आश्वासन का भी नहीं हुआ असर

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** स्थानीय जिला अस्पताल में वेतन समय पर न मिलने के कारण सफाई कर्मचारी खफा है। उन्होंने नाराजगी जाहिर करते हुए समय पर वेतन दिलाए जाने की मांग की है। जिला अस्पताल के सफाई कर्मचारी काम बंद हड़ताल पर चले गए हैं। गुरुवार से सफाई कर्मचारी हड़ताल पर हैं, लेकिन आज उन्होंने मामले की लिखित सूचना सिविल सर्जन को दी है। कर्मचारियों का कहना है कि 15 दिन बीत जाने के बाद भी इस माह का वेतन नहीं मिला है। जिसके चलते अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। सफाई कर्मियों के हड़ताल पर चले जाने से जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था पर असर देखा जाने लगा है। दरअसल, जिला अस्पताल की सफाई का ठेका शिवोहम बुंदेलखंड आउट सोर्स प्राइवेट कंपनी को दिया गया है। कंपनी ने 50 सफाई कर्मचारियों को अस्थाई तौर पर नियुक्त किया है। सिविल सर्जन डॉक्टर अमित शुक्ला ने बताया कि अप्रैल 2023 से नई कंपनी का सफाई का ठेका हुआ था। कंपनी की ओर से हर महीने 10 तारीख तक सफाई कर्मचारियों का वेतन भुगतान किया जाता है। इस बार अभी तक वेतन नहीं दिया गया है। जिसके चलते सफाई कर्मचारियों ने गुरुवार से काम बंद कर दिया है। आज कर्मचारियों ने इस बारे में लिखित सूचना दी है। इस दौरान उन्हें जल्द वेतन का भरोसा देकर काम पर लौटने के लिए कहा गया है। फिलहाल कर्मचारियों ने साफसफाई का काम शुरू नहीं किया है।



## विभाग ने नहीं किया भुगतान, तो ठेकेदार परेशान-

सफाई कर्मचारियों का ठेका चला रही शिवोहम बुंदेलखंड आउटसोर्स प्राइवेट कंपनी को स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक पेमेंट नहीं किया गया है। सिविल सर्जन ने बताया कि अप्रैल 2023 से कंपनी को भुगतान के लिए राशि नहीं आई है। पिछले 8 माह से कंपनी अपनी ओर से सफाई कर्मचारियों का भुगतान कर रही है। इस संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत करा दिया गया है। मामला जो भी हो, लेकिन कर्मचारियों ने जब कार्य किया है, तो उन्हें वेतन से सरोकार है। वह कहते हैं कि उन्हें समय पर वेतन न मिलने से परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है।

बस चालक ने वाहन तेजगति और लापरवाही से चलाकर दिया हादसे को अंजाम

# सड़क दुर्घटना में पति की मौत और पत्नी घायल




**टीकमगढ़, देशबन्धु।** सड़क हादसों की संख्या कम होने का नाम नहीं ले रही है। आए दिन हो रहे सड़क हादसों को काबू में कर पाने में पुलिस प्रशासन अब तक कामयाब होता नजर नहीं आ रहा है। यहां जिले के बम्होरी कला थाना क्षेत्र में यात्री बस ने बाइक सवार दंपती को पीछे से टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में बाइक पर सवार पति की जहां मौके पर ही मौत हो गई, वहीं पत्नी गंभीर रूप से घायल बनी हुई है। घायल महिला का इलाज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा में किया जा रहा है। घटना की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया और बाद में उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्डम के पश्चात शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के संबन्ध में मिली जानकारी के मुताबिक बम्होरी कला थाना पुलिस ने बताया कि श्रीनगर गांव निवासी 65 वर्षीय हर प्रसाद लोधी अपनी पत्नी नन्ही बाई लोधी के साथ इलाज कराने बाइक से यूपी के मऊरानीपुर गया था। लौटते समय प्रताप नगर के पास मऊरानीपुर से आ रही यूपी 87 टी 2458 नंबर यात्री बस ने पीछे से टक्कर मार दी। घटना में हर प्रसाद की मौके पर ही मौत हो गई। उसकी पत्नी 60 वर्षीय नन्ही बाई गंभीर रूप से घायल हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बस को जब्त किया। इसके साथ ही घायल महिला को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलेरा भेजा। पुलिस ने बताया कि मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। परिजनों को घटना की सूचना दी गई। पुलिस ने बताया कि हादसा होते ही बस का ड्राइवर मौके से फरार हो गया। फिलहाल मामला दर्ज कर आरोपी चालक की तलाश की जा रही है। घटना की खबर लगते ही परिजनों में मातम छा गया। उन्होंने चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। पुलिस ने मृतक के परिजनों को धीरज बंधाया और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया।

तनी बादलों की चादर, मौसम में घुली ठंडक, लुड़का तापमान

# सड़कों पर पसरा सन्नाटा, बाजारों की रौनक पर पड़ने लगा असर, पारा 8.5 डिग्री पहुंचा



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मौसम के मिजाज ठंडे होते नजर आने लगे हैं। मौसम में घुली ठंडक और सर्द हवाओं ने लोगों के गर्म कपड़े निकलवा दिए हैं। एक ओर शादियों के मौसम में शहनाईयों की गूंज बनी हुई है, वहीं मौसम के बदल मिजाजों ने विवाह घरों में आने वालों की हालत पतली कर दी है। मौसम में घुली ठंडक के चलते बाजारों की रौनक भी जल्दी शांति होने लगी है। सड़कों पर सन्नाटा भी जल्दी पसरने लगा है। बताया गया है कि जिले में बीते तीन दिनों से रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। गुरुवार रात न्यूनतम तापमान 8.5 रिकार्ड किया गया। जो अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया है। कृषि महाविद्यालय के मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आगामी 48 घंटे में रात के तापमान में अधिक गिरावट दर्ज होने का अनुमान लगाया गया है। पिछले 1 सप्ताह से दिन में धूप निकलने से अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा रही है। सोमवार को दिन का तापमान 26.5 और रात का तापमान 9. 8 रिकार्ड किया गया था। मंगलवार को दिन का तापमान 24.02 और रात का तापमान 11 डिग्री रहा। बुधवार को दिन का तापमान 24.5 और रात का तापमान 9.8 रिकार्ड किया गया। गुरुवार को दिन का तापमान 26.5 और रात का तापमान 9.6 रिकार्ड किया गया है। कृषि कॉलेज के मौसम विभाग के अनुसार गुरुवार रात अब तक का सबसे कम 8.5 तापमान रिकार्ड किया गया है। इसके अलावा आगामी दो दिनों में रात के तापमान में और अधिक गिरावट होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

## फसलों पर ओस जमने से खिले किसानों के चेहरे

इन दिनों खेतों में लहलहाती फसलों पर ओस जमने लगी है। ओस पड़ने से फसलों को अच्छा खासा फायदा होने की उम्मीद जताई जाने लगी है। पिछले 1 सप्ताह से दिन में जहां अच्छी धूप निकल रही है, वहीं रात के तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जाने लगी है। इसके साथ ही रात में ओस पड़ने से किसानों के चेहरे खिलने लगे हैं।


**कार्यालय नगर परिषद कर्रापुर जिला - सागर (म.प्र.)**

Email: cmokarrapur@mpurban.gov.in

क्रमांक / न.प./2023 / 1274 कर्रापुर, दिनांक 11.12.2023

**सार्वजनिक सूचना**

एतद् द्वारा जारी सार्वजनिक सूचना पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता हैं कि निकाय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्र. 07 में मैन रोड के पास खसरा नं. 623 रकवा 0.3500 हेक्टेयर भूमि नगर परिषद कर्रापुर के लिए नवीन कार्यालय भवन निर्माण हेतु आवंटित की जाना है उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई भी आपत्ति हो तो वह कार्यालय में 7 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति दर्ज करा सकते है। 7 दिवस होने के पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेगी।

**मुख्या नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद कर्रापुर जिला सागर म.प्र.**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला सागर म.प्र.**

(इश्तहार)

राजस्व प्रकरण क्रमांक 32अ/6 वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदकगण यश सुखवानी, रितिक सुखवानी पिता सुरेश कुमार सुखवानी निवासी हसरेजा गली, संतकवरराम वार्ड सागर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि नजूल ब्लॉक नं. 24 प्लाट नं. 123 में से रकवा 625 वर्गफुट भूमि / भवन पंजीकृत बैनामा कमांक एमपी 33712023ए12307826 दिनांक 28.08.2023 को विक्रेता राजेश कुमार मनवानी पिता निहचलदास मनवानी निवासी मनवानी गली, संतकवरराम वार्ड सागर से क्रय कर कब्जा प्राप्त किया है।

अतः नजूल ब्लॉक नं. 24 प्लाट नं. 123 में से रकवा 625 वर्गफुट भूमि / भवन पर पंजीकृत बैनामा क्रमांक एमपी 33712023 ए12307826 दिनांक 28.08.2023 के अनुसार विक्रेता राजेश कुमार मनवानी पिता निहचलदास मनवानी निवासी मनवानी गली, संतकवरराम वार्ड सागर का नाम पृथक कर क्रेता यश सुखवानी, रितिक सुखवानी पिता सुरेश कुमार सुखवानी निवासी हसरेजा गली, संतकवरराम वार्ड सागर का नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 03.01.24 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी।

**नजूल अधिकारी सागर**

**एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.**

HDFC BANK
We understand your world

**शाखा जबलपुर : 199, नॉर्थ सिविल लाइन्स, दूसरे ब्रिज के पास, मोखा पेट्रोल पंप के साईड, जबलपुर, (म.प्र.) 482001**

**सरफासी एक्ट, 2002 के अंतर्गत सूचना**

जबकि अधोहस्ताक्षरकर्ता **एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए द्वारा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुर्नगठन और प्रतिकृतिहित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 का 54) की धारा 13(2) सहपठित नियम 8 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रवर्तन करके निम्न ऋणगृहिताओं एवं सह-आवेदकों को सूचना दी जाती है। सूचना प्राप्ति से 60 दिन के अन्दर ऋण राशि अदा करने की अपेक्षा की जाती है। चूंकि ऋणगृहिताओं एवं सह-आवेदकों ने अदायगी में त्रुटि की है अत: ऋणगृहिता एवं सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्न हस्ताक्षरकर्ता के नीचे वर्णित बंधक सम्पत्ति का आधिपत्य 60 दिन पश्चात् अधिनियम की धारा 13(4) सहपठित उपरोक्त नियमों के नियम 8 के अंतर्गत प्राप्त कर लिया जाएगा। ऋणगृहिता को विशेषत: तथा समस्त जनता को साधारणत: सतर्क किया जाता है कि इस सम्पत्ति के संबंध में कोई संव्यवहार न करें तथा यदि कोई संव्यवहार किया गया हो तो वह **एच.डी.एफ.सी. बैंक लि., शाखा जबलपुर : 199, नॉर्थ सिविल लाइन्स, दूसरे ब्रिज के पास, मोखा पेट्रोल पंप के साईड, जबलपुर, (म.प्र.) 482001** के ऋणगृहिताओं के समक्ष राशि के चार्ज के अधीन होगा।

| ऋणी का नाम व पता एवं खाता नम्बर | सहऋणी व जमानतदार का नाम एवं पता | बंधक संपत्ति का विवरण | सूचना दिनांक / अतिदेय की रकम |
|---|---|---|---|
| **परमानंद ज्ञानचंद द्वारा प्रोप्राईटर ज्ञानचंद कुकरेजा** **पता1:** सब्जी मंडी नया बाजार, सागर, मध्य प्रदेश-470002, **पता2:** म.नं.20, नरसाम गली, संत कंवरराम वार्ड, सुभाष नगर गर्ल्स स्कूल, सागर, मध्य प्रदेश-470002 **खाता नं. 86100540, 82957090, 8113958** | **1. श्रीमती पुष्पा देवी कुकरेजा, 2. ज्ञानचंद कुकरेजा, 3. श्री राज कुमार कुकरेजा** **पता 1:** सब्जी मंडी नया बाजार, सागर, मध्य प्रदेश-470002, **पता 2:** म.नं.20, नरसाम गली, संत कंवरराम वार्ड, सागर, मध्य प्रदेश-470002 | नजूल ब्लॉक नं. 24, सागर प्लॉट नं. 202, संत कुंवरराम वार्ड, सुभाष नगर, गर्ल्स स्कूल, सागर, मध्य प्रदेश-470002, **संपत्ति के पंजीकृत मालिक : श्री ज्ञानचंद कुकरेजा** | **07/11/2023** ₹ **58,80,183.68** |

**स्थान : सागर**
**दिनांक : 16-12-2023**

हस्ते /- (प्राधिकृत अधिकारी)
**एच.डी.एफ.सी. बैंक लि.,**

**न्यायालय नजूल अधिकारी जिला सागर म.प्र.**

(इश्तहार)

राजस्व प्रकरण क्रमांक 30 अ/6 वर्ष 23-24

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है, कि आवेदकगण रत्नेश गौतम पिता राजकुमार गौतम, प्रदीप गौतम पिता उमाशंकर गौतम निवासी पुलिस लाईन सागर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है, कि नजूल ब्लॉक नं. 59 प्लाट नं. 3/1 उपभूखण्ड क्र. 120/1 रकवा 525 वर्गफुट भूमि उमाशंकर पिता मुन्नालाल गौतम के नाम से नजूल अभिलेख में दर्ज है, उमाशंकर पिता मुन्नालाल गौतम की मृत्यु दिनांक 30.12.1976 को हो चुकी है। जिनके वारसानों में पत्नी श्यामाबाई (फौत), पुत्र प्रदीप, राजकुमार (फौत), दिलीप (फौत) पुत्री शशि है। राजकुमार पिता उमाशंकर के फौत होने से वारसानों में पत्नि कृष्णा, पुत्र रत्नेश, नीलेश, पुत्री गीतांजली है। एवं दिलीप पिता उमाशंकर के फौत होने से वारसानों में पत्नि अनुसुईया, पुत्र अभिषेक, पुत्री अंकिता, अंजली है।

अतः नजूल भूमि ब्लॉक नं. 59 प्लाट नं. 3/1 उपभूखण्ड क्र. 120/1 रकवा 525 वर्गफुट भूमि पर उमाशंकर पिता मुन्नालाल गौतम के फौत होने से उनके स्थान पर प्रदीप पिता उमाशंकर गौतम, शशि पत्नि राजेन्द्र प्रसाद द्विवेदी पुत्री उमाशंकर गौतम, अनुसुईया पत्नि दिलीप गौतम, अंकिता पति सुमित तिवारी, अंजली पुत्री दिलीप गौतम, अभिषेक पिता दिलीप गौतम, कृष्णा पत्नि राजकुमार गौतम, गीतांजली पत्नि स्वयं चतुर्वेदी पुत्री राजकुमार गौतम, रत्नेश, नीलेश पिता राजकुमार गौतम का नाम नजूल अभिलेख में फौती वारसान के आधार पर दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 03.01.2024 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकता है, नियत तिथि पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 15.12.23 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी।

**नजूल अधिकारी सागर**

मध्यप्रदेश शासन

# मोदी जी की गारंटी

## यानी गारंटी पूरी होने की गारंटी

## "हर संकल्प पूरा करने को प्रतिबद्ध" - डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



### मध्यप्रदेश संकल्प पत्र 2023 में उल्लेखित कुछ प्रमुख संकल्प

**सशक्त नारी**

- पात्र बहनों को आर्थिक सहायता एवं पक्का आवास
- 15 लाख महिलाओं को लखपति योजना में कौशल प्रशिक्षण देकर बनायेंगे लखपति
- लाड़ली लक्ष्मियों को 21 वर्ष तक कुल ₹ 2 लाख
- पात्र बहनों को ₹ 450 में गैस सिलेण्डर
- बीपीएल परिवार की बेटियों को केजी से पीजी तक मुफ्त शिक्षा

**समृद्ध किसान**

- किसानों को पीएम किसान एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना में ₹ 12,000 की प्रतिवर्ष सहायता
- ₹ 2700 प्रति क्विंटल गेहूं एवं ₹ 3100 प्रति क्विंटल धान की खरीद, बोनस भी

**जनजातीय कल्याण**

- ₹ 3 लाख करोड़ से जनजातीय समुदाय का सशक्तिकरण
- तेंदूपत्ता संग्रहण दर बढ़कर होगी ₹ 4,000 प्रति बोरा
- हर एसटी ब्लॉक में एकलव्य विद्यालय
- एसटी बहुल मंडला, खरगोन, धार, बालाघाट एवं सीधी जिले में मेडिकल कॉलेज की स्थापना
- ₹ 100 करोड़ से पूजा स्थलों का विकास एवं नवीनीकरण



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री

**सुशासन एवं कानून व्यवस्था**

- कमिश्नर प्रणाली भोपाल एवं इंदौर के बाद जबलपुर और ग्वालियर में होगी लागू
- भोपाल में राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय का निर्माण

**सबका साथ, सबका विकास**

- 5 वर्षों तक मिलता रहेगा प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना का लाभ
- प्रधानमंत्री आवास योजना के साथ ही मुख्यमंत्री जन आवास योजना में पक्के आवास
- वरिष्ठ एवं दिव्यांग जन को ₹ 1500 मासिक पेंशन
- गिग वर्कर्स के कल्याण एवं अधिकारों के लिए बोर्ड
- पीएम विश्वकर्मा योजना में पारंपरिक कारीगरों को ₹ 15 हजार की वित्तीय सहायता, ₹ 500 दैनिक भुगतान
- असंगठित श्रमिकों के लिए ई-श्रम पोर्टल, आयुष्मान भारत का 100% पंजीकरण

**उत्तम शिक्षा एवं सक्षम युवा**

- गरीब परिवारों के छात्रों को कक्षा 12 तक मुफ्त शिक्षा
- मिड-डे मील के साथ पौष्टिक नाश्ता भी
- हर संभाग में IIT की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- हर परिवार में कम से कम एक युवा को रोज़गार-स्वरोज़गार
- मुख्यमंत्री सीखो कमाओ योजना में कौशल प्रशिक्षण एवं ₹ 10 हजार तक स्टाइपेंड
- हर जिले में एक स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स

**स्वस्थ प्रदेश**

- आयुष्मान योजना में ₹ 5 लाख से ऊपर खर्च होने पर प्रदेश सरकार उठाएगी इलाज का खर्च
- ₹ 20,000 करोड़ से सुचारु होंगी स्वास्थ्य सुविधाएं
- हर संभाग में एम्स की तर्ज पर मध्यप्रदेश इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस की स्थापना
- हर संसदीय क्षेत्र में मेडिकल कॉलेज एवं 2,000 मेडिकल सीटों की वृद्धि

**सुदृढ़ आधारभूत संरचना**

- क्षेत्रीय विकास के लिए बुंदेलखंड, विंध्य एवं महाकौशल विकास बोर्ड
- अटल गृह ज्योति योजना में ₹ 100 में 100 यूनिट बिजली
- विंध्य एक्सप्रेसवे, नर्मदा पथ, अटल प्रगति पथ, मालवा-निमाड़ पथ, बुंदेलखंड पथ एवं मध्य भारत विकास पथ का निर्माण
- 80 रेलवे स्टेशनों का विश्वस्तरीय आधुनिकीकरण
- वंदे मेट्रो एवं वंदे भारत स्लीपर ट्रेनों का विस्तार
- रीवा, सिंगरौली एवं शहडोल में हवाई अड्डे
- भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर में मेट्रो रेल

**सांस्कृतिक धरोहर एवं विकसित पर्यटन**

- संत शिरोमणि गुरुदेव श्री रविदास जी का स्मारक निर्माण एवं ₹ 150 करोड़ से धरोहर संरक्षण मिशन शुरु करके ऐतिहासिक स्मारकों का नवीनीकरण
- सभी जनजातीय नायकों के भव्य स्मारकों का निर्माण
- 13 सांस्कृतिक लोकों का निर्माण
- नमामि नर्मदे परियोजनाएं शीघ्र होंगी पूर्ण
- ₹ 7,500 करोड़ के निवेश के साथ 2 लाख युवाओं को पर्यटन के क्षेत्र में प्रशिक्षण, रोज़गार तथा स्वरोज़गार के अवसर

**प्रगतिशील अर्थव्यवस्था एवं औद्योगिक विकास**

- अगले 7 वर्ष में प्रदेश को ₹ 45 लाख करोड़ की अर्थव्यवस्था बनायेंगे
- ₹ 20 लाख करोड़ का निवेश लाकर प्रति व्यक्ति आय करेंगे दोगुनी
- एक्सप्रेस-वे के पास औद्योगिक कॉरिडोर का निर्माण कर 4.50 लाख से अधिक युवाओं को रोज़गार और स्वरोज़गार के अवसर
- 10 नए एमएसएमई क्लस्टरों का निर्माण एवं ₹ 5 हजार करोड़ के निवेश के साथ एमएसएमई उद्योगों को न्यूनतम दर पर ऋण

**एमपी के मन में मोदी**

D-11154/23

## सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023

विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए नियुक्त प्रभारी अधिकारी ने की तैयारियों की समीक्षा

# समाज के अंतिम वंचित व्यक्ति तक पहुंचाएं शासकीय योजनाओं का लाभः संयुक्त सचिव

**पन्ना, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा में विभागीय अधिकारी प्रभावी तरीके से शासकीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए आम नागरिकों तक शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान करना सुनिश्चित करें। यात्रा के दौरान जागरूकता गतिविधियों सहित सांस्कृतिक व अन्य कार्यक्रमों का भी बेहतर तरीके से आयोजन किया जाए। शासन की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व वंचित व्यक्ति तक अनिवार्य रूप से पहुंचाएं। उक्ताशय के निर्देश भारत सरकार के कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के तहत प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग के संयुक्त सचिव एनबीएस राजपूत ने दिए। संयुक्त सचिव एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के वर्ष 1999 बैच के अधिकारी श्री राजपूत को पन्ना जिले में विकसित भारत संकल्प यात्रा के क्रियान्वयन व मॉनिटरिंग के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। श्री राजपूत ने पन्ना पहुंचकर शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में यात्रा की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की और संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। संयुक्त सचिव द्वारा जिले को यात्रा के लिए प्रदत्त आईईसी वैन का अवलोकन भी किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर हरजिंदर सिंह, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, अतिरिक्त सीईओ अशोक चतुर्वेदी, एसडीएम अशोक अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



संयुक्त सचिव श्री राजपूत ने बैठक के दौरान विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं में लक्षित, लाभांवित और योजना के लाभ से वंचित शेष हितग्राहियों के बारे में जानकारी लेकर यात्रा अवधि में आवेदन प्राप्त कर लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए। साथ ही दीवार लेखन, पंचायत के सूचना पटल के जरिए और मुनादी सहित अन्य माध्यमों से लोगों को यात्रा आगमन के बारे में सूचित करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के माध्यम से आम नागरिकों तक केन्द्र व राज्य शासन की योजनाओं की पहुंच व उपलब्धता सुनिश्चित करने का यह बेहतर अवसर है। इसलिए प्रचार गतिविधियों सहित अन्य माध्यमों से भी लोगों को मिलने वाली सेवाओं के बारे में सूचित कर प्रत्येक योजनाओं में लाभांवित करना सुनिश्चित करें। उन्होंने नियमित रूप से विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में पोर्टल पर आवश्यक जानकारी की फीडिंग, यात्रा के दौरान जनशिकायत पोर्टल की शिकायतों के भी निराकरण, यात्रा की सफलता के लिए आवश्यक अतिरिक्त स्त्रोतों की समय पर उपलब्धता के लिए जरूरी तैयारी व व्यवस्थाओं के संबंध में भी निर्देशित किया।

इसके अलावा जिला स्तरीय प्रशिक्षण, समग्र आईडी के जरिए हितग्राही तक योजनाओं की पहुंच का चिन्हांकन, ग्राम पंचायत स्तरीय स्वागत समितियों और कन्ट्रोल रूम के गठन के संबंध में चर्चा कर उपस्थित अधिकारियों से यात्रा दायित्वों के संबंध में जानकारी प्राप्त की। जिला पंचायत सीईओ ने प्रेजेंटेशन के जरिए यात्रा अंतर्गत जिले में अभियान की रूपरेखा के बारे में अवगत कराया। उन्होंने जानकारी दी कि 16 दिसम्बर को जनप्रतिनिधियों की द्वारा आईईसी वैन को विकासखण्डवार निर्धारित रूट अनुसार हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया जाएगा।

इसके अलावा सात नगरीय निकायों में भी कार्यक्रम होंगे। नगर पालिका परिषद पन्ना अंतर्गत तीन और नगर परिषद अजयगढ़, देवेन्द्रनगर, गुनौर, ककरहटी, अमानगंज और पवई में निर्धारित दिवस पर एक-एक कार्यक्रम होंगे। इसके लिए ड्यूटी ऑर्डर जारी कर अधिकारी कर्मचारियों को दायित्व सौंपा गया है। विभिन्न स्तर पर क्रियान्वयन समितियों का गठन कर बैठकें आयोजित की गई हैं। यात्रा के भ्रमण के पूर्व विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रचार-प्रसार के अलावा ग्रामसभा की बैठक भी प्रस्तावित है। शासन के निर्देशानुसार सभी तरह की गतिविधियां आयोजित की जाएंगी और पात्र लोगों को लाभ प्रदान करना सुनिश्चित किया जाएगा।

## मुख्यमंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा के संबंध में जनप्रतिनिधियों से किया संवाद

**पन्ना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत संकल्प यात्रा के तैयारियों की समीक्षा कर जनप्रतिनिधियों से वर्चुअल संवाद किया। उन्होंने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा का आयोजन 16 दिसम्बर से 26 जनवरी तक किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को शाम 4 बजे यात्रा के संबंध में लाइव संबोधन करेंगे। यात्रा का आयोजन जनप्रतिनधि और प्रशासन समन्वय बनाकर बेहतर तरीके से करें। कार्यक्रमों में महिलाओं, युवाओं तथा स्कूली विद्यार्थियों की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाए। यात्रा के दौरान प्राप्त होने वाले आवेदनों का यथासंभव निराकरण करें, जिन आवेदनों का निराकरण तत्काल संभव नहीं है, उन हितग्राहियों को इस बारे में कारण सहित सूचित करना सुनिश्चित किया जाए। गुनौर विधायक राजेश वर्मा ने जिले में यात्रा की तैयारियों के संबंध में मुख्यमंत्री को जानकारी दी तथा बताया कि जिला प्रशासन और जनप्रतिनिधियों ने आपसी विचार विमर्श करके कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की है, जिससे प्रभावी तरीके से यात्रा का क्रियान्वयन किया जा सके। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे, नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित कलेक्टर हरजिंदर सिंह, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, परियोजना अधिकारी संजय सिंह परिहार, रामबिहारी चौरसिया, तारेन्द्र शेखर पाण्डेय एवं अन्य जनप्रतिनिधि और संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा

## इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस, धूप का चश्मा, हाथ के बैण्ड, बंधन धागे सहित अन्य वस्तुएं परीक्षा केंद्र पर वर्जित रहेगी

**दमोह देशबन्धु।** मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा आयोजित राज्य सेवा एवं राज्य वन सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2023 का आयोजन 17 दिसम्बर 2023 दिन रविवार को दमोह जिले के परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में प्रातः 10 बजे से 12 बजे तक तथा दोपहर 02:15 से 4रू15 बजे तक किया जायेगा। इस सबंध में अपर कलेक्टर मीना मसराम ने कहा कि उक्त परीक्षा में दमोह जिले से 2204 परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हैं। आयोग के निर्देशानुसार किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रानिक्स डिवाइस, धूप का चश्मा, कफलिंक, हाथ के बैण्ड, बंधन धागे, रबर, पेंसिल, व्हाइटनर, बालों का क्लेचर, वक्कल, घड़ी, बेल्ट, पर्स, टोपी लाना परीक्षा केंद्र पर वर्जित हैं। साथ ही चेहरे को ढ़ककर परीक्षा केंद्र पर प्रवेश वर्जित होगा। जिन अभ्यर्थियों के फोटो प्रवेश पत्र पर नहीं छपे है, वे अपना फोटो राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित कर एक सादे कागज पर नाम रोल नंबर आवेदन पत्र की छायाप्रति आदि सभी आवश्यक जानकारी लिखकर केंद्राध्यक्ष से संपर्क कर सकेंगे। उन्होंने कहा परीक्षा केंद्र पर आयोग के निर्देशानुसार मूल पहचान पत्र लेकर आएं, केवल आधार कार्ड की छायाप्रति ही मान्य होगी। आयोग के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र पर परीक्षा कार्य के लिए अधिकृत अधिकारियों/कर्मचारियों के अतिरिक्त किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश नही दिया जायेगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी संबधित केंद्राध्यक्ष की होगी। आयोग द्वारा प्रत्येक परीक्षा केंद्र की वीडियोग्राफी की व्यवस्था पृथक से की गई हैं। समस्त परीक्षा केंद्रो पर कानून व्यवस्था बनाये रखे जाने हेतु कार्यपालिक दंडाधिकारी तथा पुलिस बल की ड्यूटी लगाई गई हैं। दिव्यांग परीक्षार्थियों जिन्हें लेखन सहायक (राईटर) की आवश्यकता होगी, वह अपनी संपूर्ण जानकारी मय दस्तावेजों एवं घोषणा पत्र सहित यथासंभव परीक्षा दिवस के एक-दो दिन पूर्व संबंधित परीक्षा केंद्राध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत करनी होगी ताकि नियमानुसार लिखित परीक्षा अनुमति प्रदान की जा सके। उन्होंने कहा म.प्र.लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा सागर संभाग के लिए संभागीय पर्यवेक्षक के रूप में पूर्व सदस्य म.प्र.लोक सेवा आयोग डॉ. देवेन्द्र सिंह मरकाम (मो.नं. 8827104693) को नियुक्त किया गया है। परीक्षा हेतु जिला कार्यालय दमोह के कक्ष कमांक 52 में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है, जिसका दूरभाष नंबर 07812-222029 हैं। परीक्षा में किसी भी प्रकार की असुविधा से बचने के लिए म.प्र.लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा जारी निर्देशों को भांति अध्ययन किया जाये।

## नाबालिग से दुराचार के आरोपियों को 20 वर्ष का कारावास

**पन्ना, देशबन्धु।** नाबालिग को भगा कर ले जाने वाले तथा दुराचार करने वाले दोनो आरोपियो को विशेष न्यायधीश की न्यायालय द्वारा बीस वर्ष की कठोर सजा से दण्डित किया है। घटना के संबंध में सहा. जि.लो.अभि.अधि.सहा.मी.प्रभा. रोहित गुप्ता द्वारा बताया गया कि, अभियोजन के अनुसार फरियादी पीड़िता के पिता ने थाना धरमपुर जाकर रिपोर्ट लेख करायी कि वह इलाहाबाद गया था वापस घर आया तो उसने पूछा कि पीडिता कहा है तब उसकी पत्नी एवं बहू ने बताया कि पीडिता स्कूल पढ़ने का कह कर गयी थी तथा वह शाम 4 बजे तक घर वापस नहीं आयी जिसकी तलाश की परंतु उसका कोई पता नहीं चला है। जिसके आधार पर देहाती नालसी लेखबद्ध की गयी। उक्त अपराध थाना धरमपुर क्षेत्र के अंतर्गत होने के कारण थाना धरमपुर के असल नंबर पर अपराध कायमी हेतु भेजा गया जिससे उक्त देहाती नालसी के आधार पर थाना धरमपुर मे धारा.363 की प्रथम सूचना रिपोर्ट पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। सम्पूर्ण विवेचना उपरांत गवाहो के कथन एवं विवेचना के आधार पर अभियुक्तगण के विरुद्ध धारा. 366, 376(घ), 376(2)(एन) भारतीय दंड सहिता, धारा.5 जी/6, 5एल/6 लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 एवं धारा.3(2)(अं) एवं 3(2)(अ) एससी एसटी एक्ट का अभियोग पत्र न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। प्रकरण का विचारण न्यायालय विशेष न्यायाधीश पाक्सो महेन्द्र मंगोदिया के न्यायालय में हुआ। शासन की ओर से अभियोजन का संचालन जिला लोक अभियोजन अधिकारी संदीप कुमार पाण्डेय के मार्गदर्शन में विशेष लोक अभियोजक वरिष्ठ सहा. जिला लोक अभियोजन अधिकारी दिनेश खरे द्वारा दौरान विचारण अभियोजन की साक्ष्य को क्रमबद्ध तरीके से लिपिबद्ध कराकर न्यायालय के समक्ष आरोपी के विरूद्ध आरोप को संदेह से परे प्रमाणित किया तथा आरोपी का कृत्य गंभीरतम श्रेणी का होने के कारण कठोर से कठोर दंड से दंडित किये जाने का अनुरोध किया। अभिलेख पर आई साक्ष्य और अभियोजन के तर्कों एवं न्यायिक दृष्टांतो से सहमत होते हुये न्यायालय द्वारा राघवेन्द्र उर्फसच्चू लोध नीरज रैकवार दोनों को उक्त अपराध में दोषसिद्ध पाते हुये धारा. 5एल/6, 5 जी/6 पाक्सो एक्ट एवं 366(क) भादसं के आरोप में क्रमशः 20-20 वर्ष, 20-20 वर्ष एवं 07-07 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड क्रमशः 500-500रू, 500-500रू, 500-500रू, का अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## जिला परिवहन अधिकारी ने की चालानी कार्रवाई



**दमोह देशबन्धु।** जिला परिवहन अधिकारी दमोह छितिज सोनी के द्वारा बटियागढ़-दमोह मार्ग पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। परिवहन अधिकारी सोनी ने बताया सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में बगैर हेलमेट के दो पहिया वाहन चालको एवं बगैर सीट वेल्ट के चार पहिया वाहन चालको के चालान काटे गए। साथ ही भारी वाहन एवं यात्री वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया आज 28 हजार 500 रूपये के चालान काटे गये।

## कांग्रेसजनों ने वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि मनाई



**दमोह देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में जिला कांग्रेस कार्यालय में कांग्रेस पदाधिकारियों ने आजाद भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सरदार बल्लभ भाई पटेल की 73वीं पुण्यतिथि उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए मनाई। उक्त अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रतनचंद जैन ने कहा कि वह देश के प्रथम गृहमंत्री थे उन्हें लौह पुरूष के नाम से भी जाना जाता था वह एक मजबूत अडिग और दृढ़ संकल्पित व्यक्तित्व के धनी थे। सतीश जैन, आशीष पटेल, प्रफुल्ल श्रीवास्वत, भूपेन्द्र आजमानी, अरूण मिश्रा, बबलू भटट ने उनके चित्र पर पुष्पांजली अर्पित करते हुए कहा कि राजनैतिक इतिहास में उनके द्वारा दिये गये योगदान को भुलाया नहीं जा सकता इसीलिये ही राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने उन्हें लौह पुरूष की उपाधि दी थी। इस अवसर पर अनुज ठाकुर, कैलाश राय, लोकेन्द्र सिंह, इनायत अली, राजा खान, ब्रजेन्द्र तिवारी, राजेश साहू सहित अनेक कांग्रेसजनों की उपस्थित रही।

## केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान से आए वैज्ञानिकों ने किसानों से की चर्चा, दी सलाह



**दमोह देशबन्धु।** जिले के कुम्हारी ग्राम में डी बी टी बायोटेक्नोलॉजी परियोजना के अंतर्गत भोपाल के केंद्रीय कृषि अभियांत्रिकी संस्थान से पधारे वैज्ञानिकों डॉ दुष्यंत सिंह, डॉ दीपक थोरात एवं दुर्गेश राठौर ने किसानों से चर्चा और प्रदर्शन प्रक्षेत्र का दौरा किया। इसमें कृषि विज्ञान केंद्र दमोह के वैज्ञानिक डॉ बी एल साहू भी उपस्थित रहे। किसानो से चर्चा एवं प्रदर्शन प्रक्षेत्र के दैरान वैज्ञानिको ने पाया कि जिले मे अधिकतर किसान गेंहू की बुवाई बीज छिटक कर करते है जिससे लागत बढ़ती है तथा बुवाई उपरांत निराई, गुड़ाई, पौध संरक्षण जैसे कृषि कार्यों मे परेशानी आती है। इसी क्रम मे वैज्ञानको ने मशीनीकरण पर जोर देते बुवाई के दौरान सीड कम फर्टिलाइजर ड्रिल का उपयोग करने की सलाह दी, जिससे बीज़ की बचत होती है और उत्पादन मे वृद्धि होती है। बैठक के दौरान किसानों को संसाधन संरक्षण मशीनरी में जीरो-टिल ड्रिल, हैप्पी सीडर और संस्थान मे चल रहे अन्य शोधों से अवगत कराया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र से पधारे वैज्ञानिक डॉ बी. एल. साहू ने जिले में किसानों की समस्याओं के निजात के उपाय बताए और मिट्टी का नमूना सही तरीके से लेने और मिट्टी की जांच करने की सलाह दी

## संभागीय क्रिकेट टूनामेंट में तीसरे दिन हुए 2 मैच

**दमोह देशबन्धु।** स्व.हरि सिंह हजारी, स्व.भोले शर्मा, स्व.प्रेमशंकर मुन्ना राय की स्मृति में संभागीय वीरकम सीजन प्री क्रिकेट टूनामेंट का तीसरे दिन में दो मैंच खेले गये प्रथम मैंच बाल्मिकी 11 और फरहन 11 के मध्य खेला गया जिसमें बाल्मिकी क्लब ने निर्धारित 12 ओवर में 134 रन 06 विकेट पर बनाये फरहन क्लब ने निर्धारित ओवर में 06 विकेट में 122 रन बनाये जिसमें बाल्मिकी क्लब ने 12 रन से मैंच जीता। मैंच का मेन आफंदा मैच महेन्द्र पटैल रहे जिन्होने 69 रन बनाकर नॉट आउट रहें, दूसरा मैंच डेविल और महेश क्लब के बीच खेला गया, प्रथम बल्लेबाजी करते हुये डेविल क्लब द्वारा 08 विकेट पर 114 रन बनाये महेश क्लब द्वारा निर्धारित ओवर में 06 विकेट पर 90 रन बनाये गये डेविल क्लब 24 रन से मैंच जीता मैंच का मेन आफंदा मैच ओमी डोविल को दिया गया जिन्होनें 26 रन देकर 02 विकेट लिये। मैच के मुख्यअतिथि यशपाल सिंह ठाकुर, पार्षद एवं विक्रम सिंह ठाकुर पार्षद, राजीव बड़कुल रहें। मैच में संरक्षक राकेश सिंह हजारी एवं बबलू ठाकुर की उपस्थिति भी रही।




## सरस्वती कन्या उ. मा. विद्यालय में हुआ जागरूकता कार्यक्रम

**दमोह देशबन्धु।** म.प्र.राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष रेणुका कंचन के निर्देशन एवं जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव अम्बुज पाण्डेय के मार्गदर्शन में सरस्वती कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दमोह मे बाल विवाह, बाल अपराध, बाल श्रम, तस्करी एवं वाणिज्यिक यौन शोषण, साईबर क्राईम एवं सुरक्षा के संबंध में जागरूकता शिविर आयोजित किया गया।

उक्त शिविर में न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या रामटेके, जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया, विद्यालय के शिक्षकगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे। न्यायिक मजिस्ट्रेट दिव्या रामटेके ने अपने उद्बोधन में छात्र-छात्राओं को बाल अपराध के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों द्वारा किये गये अपराधों को किशोर न्याय बोर्ड में रखा जाता है एवं बच्चे भविष्य में अपराध न करें, उनको मौका मिले इसको दृष्टिगत रखते हुये किशोर न्याय बोर्ड का गठन किया गया है। इसके साथ ही उन्होंने साईबर क्राईम के बारे में जानकारी देते हुये कहा कि आप इंटरनेट का उपयोग करते होंगे जिससे कुछ ऑप्शन को सिलेक्ट करने से पर्सनल डिटेल भी अपराधियों तक पहुंच जाती है जिससे आपको मानसिक रूप से परेशान किया जा सकता है अतः सतर्कता बरकते हुये इंटरनेट का प्रयोग करें एवं आपके साथ कोई धोखा-धड़ी हो तो जिम्मेदार अधिकारियों को जरूर सूचित करें। जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया ने छात्र-छात्राओं को बच्चों के मूल अधिकार एवं कर्तव्य के बारे में जानकारी दी एवं कहा कि जितने व्यक्ति अधिकार का उपयोग करते हैं उतना ही कर्तव्य का निर्वहन भी आवश्यक है। इसके साथ ही बाल तस्करी, बाल अपराध, बाल विवाह के संबंध में जानकारी दी गई।

## गांजे सहित 2 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**पन्ना, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक पन्ना साई कृष्णा एस थोटा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना आरती सिंह एवं पन्ना जिले के समस्त अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में जिले के समस्त थाना प्रभारियों चौकी प्रभारियों को मादक पदार्थ गांजा का परिवहन, ब्रिकय, उत्पादन एवं भण्डारण करने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया है। इसी तारतम्य में 15 दिसम्बर को थाना प्रभारी आमानगंज उनि महेन्द्र सिंह भदौरिया को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि कुछ लोग कटनी तरफ से बस मे सवार होकर अमानगंज में अवैध गांजा ला रहे है। थाना प्रभारी अमानगंज द्वारा उक्त सूचना की जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को दी गई। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशानुसार थाना अमानगंज में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पन्ना आरती सिंह व अनुविभागीय अधिकारी गुनौर ग्लैडविन एडवर्ड कार के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी अमानगंज के नेतृत्व मे पुलिस टीम का गठन कर मौके पर रवाना किया गया, पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताये अनुसार बस स्टेंड अमानगंज पहुंचकर देखा गया। मौके पर बस स्टेंड अमानगंज मे 2 संदिग्ध व्यक्ति बैग लेकर बस से उतर रहे थे जो पुलिस की गाड़ी को देखकर भागने लगे। पुलिस टीम द्वारा तत्काल घेराबन्दी करते हुये सभी संदेहियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया जाकर सभी से उनके नाम पता पूंछने पर उन्होने अपने नाम पंकज यादव पिता पवन कुमार यादव उम्र 24 साल निवासी ग्राम डोभा, सूरज आदिवासी पिता कालकादीन आदिवासी उम्र 19 साल निवासी ग्राम इटवां बताया, पुलिस टीम द्वारा उक्त व्यक्तियों के कब्जे से पाये गये बैगो की तलाशी ली गई तो कुल 6 किलो 200 ग्राम कुल कीमती करीब 1 लाख 40 हजार रुपये का होना पाया गया। पुलिस टीम द्वारा आरोपियों से मादक पदार्थ गांजा के संबंध में पूंछताछ किये जाने पर आरोपियों द्वारा बताया गया कि हम मप्र के बाहर से सस्ते दामो में खरीदकर लाभ कमाने के उद्देश्य से पन्ना में अच्छे दामो में बेचने के लिये लाये हैं। साथ ही जामा तलाशी के दौरान उक्त आरोपियों मे से पंकज यादव के पास से 1 अवैध देशी पिस्टल व 1 जिंदा कारतूस कीमत करीब 40 हजार रुपये की जप्त की गई। पुलिस टीम द्वारा उपरोक्त सभी आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर आरोपियों के विरूद्ध थाना अमानगंज मे अप.क्र. 521/23 धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट धारा 25/27 आर्म्स एक्ट का पंजीबद्ध किया गया।

## मनुष्य को कभी भी अहंकार नही करना चाहिएः पं. शास्त्री

**दमोह देशबन्धु।** बटियागढ़ में वायपास के पास चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस में कथा वाचक आचार्य पंडित मृदुल बिहारी शास्त्री ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को कभी भी किसी भी विषय का अहंकार नही करना चाहिए क्योकि अहंकार ज्यादा समय तक नहीं रहता एक ना एक दिन टूटता जरूर है जब महाराज युधिष्ठिर इंद्रप्रस्थ पर राज्य करते थे वे काफी दान आदि भी करते थे धीरे-धीरे उनकी प्रसिद्धि दानवीर के रूप में फैलने लगी और पांडवों को इसका अभिमान होने लगा एक बार कृष्ण इंद्रप्रस्थ पहुंचे भीम व अर्जुन ने युधिष्ठिर की प्रशंसा शुरू की कि वे कितने बड़े दानी हैं तब कृष्ण ने उन्हें बीच में ही टोक दिया और कहा- हमने कर्ण जैसा दानवीर और नहीं सुना पांडवों को यह बात पसंद नहीं आई भीम ने पूछ ही लिया कैसे कृष्ण ने कहा कि समय आने पर बतलाऊंगा कुछ ही दिनों में सावन का माह शुरू हो गया और वर्षा की झड़ी लग गई उस समय एक याचक युधिष्ठिर के पास आया और बोला महाराज मैं आपके राज्य में रहने वाला एक ब्राह्मण हूं और मेरा व्रत है कि बिना हवन किए कुछ भी नहीं खाता-पीता कई दिनों से मेरे पास यज्ञ के लिए चंदन की लकड़ी नहीं है यदि आपके पास हो तो मुझ पर कृपा करें, अन्यथा हवन तो पूरा नहीं ही होगा मैं भी भूखा-प्यासा मर जाऊंगा। युधिष्ठिर ने तुरंत कोषागार के कर्मचारी को बुलवाया और कोष से चंदन की लकड़ी देने का आदेश दिया संयोग से कोषागार में सूखी लकड़ी नहीं थी तब महाराज ने भीम व अर्जुन को चंदन की लकड़ी का प्रबंध करने का आदेश दिया लेकिन काफी दौड़- धूप के बाद भी सूखी लकड़ी की व्यवस्था नहीं हो पाई तब ब्राह्मण को हताश होते देख कृष्ण ने कहा मेरे अनुमान से एक स्थान पर आपको लकड़ी मिल सकती है आइए मेरे साथ ब्राह्मण की आखों में चमक आ गई भगवान ने अर्जुन व भीम को भी इशारा किया वेष बदलकर वे भी ब्राह्मण के संग लिए कृष्ण सबको लेकर कर्ण के महल में गए। सभी ब्राह्मणों के वेष में थे अतरू कर्ण ने उन्हें पहचाना नहीं याचक ब्राह्मण ने जाकर लकड़ी की अपनी वही मांग दोहराई कर्ण ने भी अपने भंडार के मुखिया को बुलवा कर सूखी लकड़ी देने के लिए कहा, वहां भी वही उत्तर प्राप्त हुआ ब्राह्मण निराश हो गया अर्जुन-भीम प्रश्न-सूचक निगाहों से भगवान को ताकने लगे। लेकिन वे अपनी चिर-परिचित मुस्कान लिए बैठे रहे। तभी कर्ण ने कहा हे देवता आप निराश न हों एक उपाय है मेरे पास। उसने अपने महल के खिड़की-दरवाजों में लगी चंदन की लकड़ी काट-काट कर ढेर लगा दी फिर ब्राह्मण से कहा आपको जितनी लकड़ी चाहिए कृपया ले जाइए। कर्ण ने लकड़ी पहुंचाने के लिए ब्राह्मण के साथ अपना सेवक भी भेज दिया ब्राह्मण लकड़ी लेकर कर्ण को आशीर्वाद देता हुआ लौट गया पांडव व श्रीकृष्ण भी लौट आए वापस आकर भगवान ने कहा, साधारण अवस्था में दान देना कोई विशेषता नहीं है असाधारण परिस्थिति में किसी के लिए अपने सर्वस्व को त्याग देने का ही नाम दान है अन्यथा चंदन की लकड़ी के खिड़की-द्वार तो आपके महल में भी थे हमें ऐसे कार्यों में संलग्न करना चाहिए कि भगवान स्वयं हमें देखे केवल एक गुण या एक कार्य में अगर हम पूरी निष्ठा से अपने को लगा दें, तो कोई कारण नहीं कि भगवान हम पर प्रसन्न न हों कर्ण ने कोई विशेष कार्य नहीं किया किंतु उसने अपना यह नियम भंग नहीं होने दिया कि उसके द्वार से कोई निराश नहीं लौटेगा।



## सार-समाचार

### कलश यात्रा का भव्य आयोजन घर-घर हुआ श्रीमद्भागवत का पूजन



**सागर, देशबन्धु।** सदर स्थित श्री सिद्धेश्वर मंदिर में श्री सिद्धेश्वर भक्त मंडल द्वारा आयोजित एवं कृष्णा जी शास्त्री श्रीधाम वृन्दावन के श्रीमुखारविंद से सप्त दिवसीय संगीतमय भावगत कथा पूर्व सभी श्रद्वालु भक्तों द्वारा कलश यात्रा श्री शास्त्री जी के सानिध्य में निकाली गई जो सदर के प्रमुख मार्गो से होती हुई वापस कथा स्थल श्री सिद्धेश्वर मंदिर पर समाप्त हुई कलश यात्रा के प्रारंभ में मुख्य यजमान कौशल्या चौबे द्वारा कथा व्यास कृष्णाजी शास्त्री एवं श्रीमद्भावगत का पूजन आरती की एवं 11 वेदयग्य ब्राह्मणों द्वारा वेदमंत्रों के उच्चारण द्वारा सभी तीर्थो के देव एवं पवित्र गंगा आदि नदियों का आव्हान कर जल कलशों में भरा गया कलश यात्रा में सभी महिलायें पीले वस्त्र पहने हुए पारमपरिक बुंदेली भजनों को गाते हुए सिर पर कलश धारण किये सदर के प्रमुख मार्गो से होते हुए कथा स्थल पर घट स्थापना पुरोहितों द्वारा कराया गया कलश यात्रा के द्वौरान घर-घर श्रीमद्भागवत एवं कथा व्यास का पूजन क्षेत्रवासियों ने किया। कलश यात्रा में पं. राजीव चौबे, सुभाषनी चौबे, मनोज श्रीवास्तव, प्रेमवती मिश्रा, आनंत मौर्य, भवन सिंह, विकास दीक्षित, कृष्णकुमार शुक्ला, सुधीर पांडे आदि अनेक श्रृद्वालु यात्रा में उपस्थित होकर धर्म लाभ प्राप्त किया।

### नपा मकरोनिया कि अलाव की व्यवस्था



**मकरोनिया, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद मकरोनिया के द्वारा लोगों को शीत लहर ठंड से बचाव के लिए विभिन्न स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है जिससे लोगों को शीतलहर ठंड से राहत मिल सके जैसे की स्टेशन मकरोनिया चौराहा अस्पतालों के सामने चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की जा रही है।

### बीटीआईआरटी में पुणे की ख्यातिप्राप्त कंपनी का कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव



**सागर, देशबन्धु।** बुंदेलखंड अंचल के प्रख्यात इंजी. एवं प्रबंधन संस्थान बीटीआईआरटी में शुक्रवार को विद्यार्थी नियोजन अभियान कैंपस आन मूव के अंतर्गत पुणे की ख्यातिप्राप्त आटोमोबाइल कंपनी का क्लोज कैंपस आयोजित किया गया जिसमें बीटेक एमई, ईसी, ईएक्स के 33 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कैंपस की शुरूआत कंपनी प्रतिनिधियों के अभिनंदन से हुई तत्पश्चात् कंपनी प्रतिनिधि ने कंपनी प्रोफाइल, जॉब प्रोफाइल इत्यादि को समाहित कर प्रस्तुतिकरण दिया एवं इसके उपरांत विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का उचित समाधान किया। चयन प्रक्रिया व्यक्तिगत साक्षात्कार के माध्यम से हुई जिसे सफलतापूर्वक पूर्ण कर अंतिमतः 25 विद्यार्थियों को कंपनी में आर्कषक पैकेज पर सेवाऐं देने का अवसर प्राप्त हुआ। यह आयोजन संस्था की विद्यार्थियों के समुचित नियोजन की नैतिक जिम्मेवारी के निर्वाहन में किये जा रहे अनवरत प्रयासों की एक कड़ी थी जिसका कारगर संयोजन संस्था के प्लेसमेंट एडवाइजर डॉ. सचिन चौधरी के दिशा-निर्देशन, प्राचार्य डॉ. वीरेश फुसकेले एवं रजिस्ट्रार तरूण कुमार सिंह के मार्गदर्शन एवं प्लेसमेंट सहयोगी इंजी. शेख शाहिद, इंजी. भूपेंद्र नामदेव, इंजी. गौरव खरे एवं इंजी. समर्थ जैन के उचित सहयोग से सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। कैंपस के अंत में कंपनी प्रतिनिधियों ने संस्था के सचिव इंजी. सत्येन्द्र जैन से सौजन्य भेंट की और कंपनी प्रतिनिधियों को स्मृति चिन्ह एवं उपहार भेंट किये।

### फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 दिसंबर

**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2023-24 के लिए योजना के क्रियान्वयन के लिए शासन द्वारा जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी सागर का चयन किया गया है उप संचालक कृषि किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग बीएल मालवीय ने बताया की फसल बीमा में आवेदन करने की आखिरी तारीख 31 दिसंबर है। किसान जिस भी बैंक में अपना किसान क्रेडिट कार्ड बना है, वहां जाकर फसल बुवाई प्रमाण पत्र एवं पटवारी हल्के की जानकारी बताएं। अऋणी व डिफाल्टर किसान सहकारी बैंक, ग्रामीण बैंक तथा किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक में फॉर्म जमा करायें ताकि उनकी फसलों का बीमा भी योजना के तहत हो सके।

# ध्वनि विस्तारक यंत्रों, लाउडस्पीकर, डीजे के नियम संबंद्ध प्रयोग को लेकर धर्म गुरुओं के साथ हुई बैठक

## दैनिक रूप से उपयोग में लाए जाने वाले लाउड स्पीकर हटाने पर बनी सहमति



**सागर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा जारी किए गए निर्देशों से अवगत कराने को लेकर शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में सभी धर्मों के धर्मगुरुओं के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर दीपक आर्य ने की। कलेक्टर ने कहा कि धार्मिक स्थलों पर नियमों के पालन में धर्मगुरुओं की सहभागिता बहुत महत्वपूर्ण है। सभी धर्मगुरु अपने धार्मिक स्थानों, जुलूस, शोभायात्रा आदि के संबंध में निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें। उल्लंघन पाये जाने पर नियमों के पालन संबंधी कार्यवाही समान रूप से की जायेगी। इसके अतिरिक्त निगरानी एवं कार्यवाही के लिए उड़नदस्तों का भी प्रयोग किया जायेगा। साथ ही डेसिबेल मीटर के माध्यम से ध्वनि की तीव्रता को जांचा जाएगा। बैठक में पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी, निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला अन्य पुलिस अधिकारी एवं विभिन्न धर्मों के धर्मगुरु उपस्थित रहे। कलेक्टर ने बताया कि ध्वनि प्रदूषण एक बड़ी समस्या है जो कई मानसिक बीमारियों का कारण बन रहा है। साथ ही बच्चों की पढ़ाई में भी व्यवधान पैदा करता है। किसी भी प्रकार के धार्मिक स्थल अथवा अन्य स्थानों पर निर्धारित मापदण्ड के अनुरूप ही ध्वनि विस्तारक यंत्रों लाउडस्पीकर, डीजे आदि का उपयोग किया जा सकेगा। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने कहा कि कहा कि सभी धार्मिक स्थलों धार्मिक यात्राओं जुलूस में निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर में ही लाउडस्पीकरों का उपयोग किया जा सकेगा। निर्धारित ध्वनि सीमा स्तर का कड़ाई से पालन कराया जायेगा इसमें समझाईश के उपरांत भी यदि उल्लंघन पाया जाता है तो नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। इस कार्य हेतु उड़नदस्तों का गठन किया जा रहा है। हम सभी एक जागरूक समाज की तरह कार्य करते हुए आपसी सहमति और स्वप्रेरणा के साथ इस आदेश का क्रियान्वयन करें। उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम दैनिक रूप से प्रयोग में ले जाने वाले लाउडस्पीकर आदि को हटाने का कार्य शुरू करें। उन्होंने बताया कि अन्य किसी आयोजन में भी ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग इस रूप में ही किया जाए कि ध्वनि, संबंधित परिसर से बाहर न जाए और तय मापदंडों के अनुरूप हो। बैठक में धर्म गुरुओं ने भी अपने सुझाव रखे तथा चर्चा के उपरांत आपसी सहमति से और स्वप्रेरणा से आदेश का पालन करने की सहमति दर्ज की।

### कलेक्टर ने मांस एवं मछली विक्रेताओं की ली बैठक

कलेक्टर दीपक आर्य ने राज्य सरकार द्वारा लिए गए निर्णय के परिपालन में मांस तथा मछली विक्रेताओं की बैठक लेकर उन्हें खुले में मांस तथा मछली का विक्रय प्रतिबंधित संबंधी निर्देश से अवगत करा उसके पालन के लिए निर्देशित किया है। उन्होंने निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला को इस संबंध में विशेष अभियान चलाते हुए 20 दिसंबर तक आवेदन लेने और नगर निगम तथा नगर पालिका में एक सिंगल विंडो स्थापित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में निगमायुक्त ने बताया कि सभी मांस, मछली विक्रेताओं का लाइसेंस होना आवश्यक है। सार्वजनिक रूप से मांस मछली का प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। सभी विक्रेताओं को दुकानों पर अपारदर्शी कांच लगाना अनिवार्य है अथवा दुकान को कवर करना आवश्यक है। बिना लाइसेंस के कोई भी विक्रेता मांस मछली का विक्रय नहीं कर सकता। नगर निगम की टीम संबंधित स्थान पर विजिट करेगी एवं तय मापदंडों और नियमों के अनुसार लाइसेंस जारी करेगी। कलेक्टर ने कहा कि मांस मछली विक्रेताओं को एक सप्ताह का समय दिया गया है जिसके बाद आदेश के उल्लंघन पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही किसी भी धार्मिक स्थल के मुख्य द्वार के सामने 100 मीटर की दूरी के भीतर उक्त सामग्री का विक्रय या प्रदर्शन प्रतिबंधित है। बैठक में नगर निगम के अधिकारी एवं मांस एवं मछली विक्रेता उपस्थित रहे।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्राप्त आवेदनों का निराकरण भी होगाः बृजबिहारी पटेरिया

**सागर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा शुक्रवार को जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों के साथ विकसित भारत संकल्प यात्रा की वीडियों कान्फ्रेसिंग के बाद सागर जिला प्रशासन ने भी जनप्रतिनिधियों से चर्चा की। देवरी विधायक बृज बिहारी पटेरिया ने जिला प्रशासन को सुझाव दिया कि यात्रा के दौरान गांव-गांव में जो आवेदन प्राप्त हो उनका निराकरण भी शीघ्र करवाया जाएं। नोडल अधिकारी आवेदन लेकर उसकी पावती भी संबंधित को दे। केसली आदिवासी बहुल ब्लॉक के टोले मजरों से लोगों को कार्यक्रम स्थल लाने की व्यवस्था की जाए। सीईओ जनपद पंचायत के माध्यम से सरपंच, पंचों को सूचना देकर सक्रिय करने का सुझाव भी उन्होंने दिया। विधायक प्रदीप लारिया ने कहा कि हर पंचायत एवं विधानसभा क्षेत्रवार प्रभारी बनाया जाएं, जो समन्वय से कार्य करें। हीरा सिंह राजपूत ने कहा कि जनपद पंचायतों के द्वारा सभी को सूचना दी जाए। संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने जिले के साथ ही संभाग के सभी जनप्रतिनिधियों से यात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया है। जनप्रतिनिधि अधिक से अधिक लोगों को यात्रा से जोड़े। कलेक्टर दीपक आर्य ने बताया कि सागर जिले में यात्रा को लेकर रूपरेखा तैयार कर ली गई है। अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के निर्देश सभी एसडीएम को दिये गये है। एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्र के लिए नोडल अधिकारी बनाया गया है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों के अलावा अधिकारी भी उपस्थित थे।

## वाहन की टक्कर में 3 की मौत, शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे घर



**राहतगढ़, देशबन्धु।** राहतगढ़ थाना क्षेत्र के मसुरयाई तिगड्डा के पास तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया। दुर्घटना में गंभीर चोटे आने से तीनों की मौके पर मौत हो गई। मृतक राहतगढ़ में शादी समारोह में शामिल होकर सागर लौट रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों का पंचनामा बनाया। शव पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजे गए। जहां शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार परषोत्तम पिता सीताराम प्रजापति उम्र 35 साल निवासी सागौनी, हेमराज पिता हीरालाल पटेल उम्र 48 साल निवासी शारदानगर भैंसा और तुलसीराम पिता भैयालाल विश्वकर्मा उम्र 60 साल निवासी रामनगर भैंसा अपने किसी परिचित के घर शादी समारोह में शामिल होने के लिए सागर से गुरुवार रात पुरषोत्तम की बाइक क्रमांक एमपी 15 एमडब्ल्यू 1508 पर सवार हुए और राहतगढ़ के लिए रवाना हुए। वे शादी में शामिल होने के बाद वापस सागर लौट रहे थे। तभी राहतगढ़ में मसुरयाई तिगड्डा के पास स्थित पावर स्टेशन के सामने तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार उछलकर सड़क पर जा गिरे। जिससे तीनों के सिर और शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट आई और मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही राहतगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को राहतगढ़ अस्पताल में पीएम के लिए भेजा गया। जहां शुक्रवार को शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिवार वालों को सौंप दिया गया है। वहीं मामले में मर्ग कायम कर पुलिस ने जांच में लिया है। पुलिस बाइक को टक्कर मारकर भागे वाहन की तलाश कर रही है।

### धूमधाम से मना पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय में स्थापना दिवस



**सागर, देशबन्धु।** प्रत्येक 15 दिसंबर को केंद्रीय विद्यालय का स्थापना दिवस पूरे भारत मे मनाया जाता है। ढाना में केंद्रीय विद्यालय संगठन के स्थापना के 60 साल पूरे होने पर प्रत्येक वर्ष की भांति स्थापना दिवस मनाया गया। जिसके अंतर्गत विभिन्न सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम स्कूली छात्र छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किए गए। जिसमें केंद्रीय विद्यालय गीत एवं विभिन्न छात्र-छात्राओं द्वारा एकल सामूहिक गान नृत्य के कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इस दौरान विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार ने केंद्रीय विद्यालय संगठन एवं केंद्रीय विद्यालय ढाना द्वारा शिक्षा के प्रसार में योगदान पर प्रकाश डाला एवं छात्र-छात्राओं का मार्गदर्शन किया। संपूर्ण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक मनीष कुमार नरूका एवं राहुल हर्षे के द्वारा किया गया।

## पंचांग निर्माण प्रक्रिया पूर्णता की ओर रावतपुरा सरकार ने की प्रशंसा



**सागर, देशबन्धु।** पुरोहित पुजारी विद्वत संघ द्वारा प्रकाशित होने वाला स्थानीय बुंदेलखंड पंचांग निर्माण का कार्य लगभग पूर्णता की ओर पहुंच चुका है। संघ द्वारा आगामी नव संवत्सर के पंचांग की विषयवस्तु के फेरबदल को लेकर विद्वत जनों द्वारा विचार विमर्श किया जा रहा है। सागर प्रवास पर पधारे संत रविशंकर रावतपुरा सरकार से शुक्रवार को संघ के प्रतिनिधि मंडल ने उनके सागर स्थित आश्रम पहुंचकर मार्गदर्शन प्राप्त किया। रावतपुरा सरकार ने कहा स्थानीय पंचांग से सभी पुरोहित पुजारियों को सुविधा रहती है। सागर से प्रतिवर्ष पंचांग प्रकाशन को जो परंपरा स्थापित की गई है ये बनी रहनी चाहिए इसमें सभी सनातनी लोगों की सहभागिता होनी चाहिए सागर के विद्वत जनों की प्रशंसा की जानी चाहिए। गौरतलब है कि पिछले तीन चार वर्षो से पुरोहित पुजारी विद्वत संघ द्वारा प्रतिवर्ष बुंदेलखंड का स्थानीय पंचांग निकाला जा रहा है। जो स्थानीय पंडितों को कर्मकांड अनुष्ठान और ज्योतिष कार्य हेतु काफी सुविधाजनक है। युवा ब्राह्मण समाज बुंदेलखंड के अध्यक्ष पं. भरत तिवारी ने बताया की पंचांग निर्माण प्रक्रिया पूर्णता की ओर पहुंच चुकी है जैसे ही प्रारूप प्रिंटिंग के लिए जायेगा हम लोग विमोचन की तरीरख तय करेंगे। पुरोहित पुजारी विद्वत संघ के अध्यक्ष पं. शिवप्रसाद तिवारी ने बताया कि अगले सप्ताह ही एक बड़ी बैठक प्रतिष्ठित विद्वानों की आयोजित कर रहे है उसमे विषय वस्तु और प्रारूप को अंतिम रूप दे दिया जायेगा और पंचांग प्रिंटिग को चला जायेगा नवसंवत्सर चैत्र गुड़ी पड़वा से प्रारंभ होता है तभी से पंचांग प्रारंभ होता है पहले से सभी विद्वानों को स्थानीय पंचांग उपलब्ध हो सके इसको ध्यान में रखकर अगले माह जनवरी में ही विमोचन की तारीख तय की जायेगी।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** जिले में आज से प्रारंभ होने जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा के लिए सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरी ने समस्त मुख्यखंड चिकित्सा अधिकारियों की बैठक ली। विकसित भारत संकल्प यात्रा की मॉनीटरिंग के लिए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस धाकड़ को विकासखंड देवरी, केसली, जैसीनगर, राहतगढ़ एवं डॉ. रोहित पंत जिला क्षय अधिकारी को सागर अर्बन, विकासखंड बंडा, शाहगढ़, तथा डॉ. अभिषेक यादव जिला सर्वेलेस अधिकारी को बीना आगासौद, खुरई, मालथौन, रहली, शाहपुर को प्रभारी नियुक्त किया गया हैं। समस्त अधिकारियो को निर्देशित किया कि वह शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रो मे विकसित भारत संकल्प यात्रा के आगमन दौरान स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करें तथा जांच उपचार/दवायें निःशुल्क स्वास्थ्य सेवायें प्रदान की जायें तथा अधिक से अधिक योजनाओं का प्रचार-प्रसार करे और हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ दिलायें। यात्रा दौरान आयुष्मान भारत निरामयम योजना के पात्र हितग्राहियों के कार्ड बनाना, 30 वर्ष से अधिक आयु वर्ग वालों में गंभीर बीमारियों की जांच उपचार दवायें निःशुल्क प्रदान करना साथ टीवी मरीजों की स्क्रीनिंग की जावेगी साथ मरीजों में अक्षय पोषण योजना की जानकारी देना, ताकि दृढ़ संकल्प भारत को 2025 तक टीबी मुक्त बनाने का संकल्प पूर्ण हो सके। सीएमएचओ ने समस्त मुख्यखंड चिकित्सा अधिकारी एवं शहरी नोडल अधिकारी अपने अपने क्षेत्र में स्टाफ की डियूटी लगाकर यात्रा की संपूर्ण व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

## खिलाडी छात्र-छात्राएं राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करें: पीसी शर्मा

**सागर, देशबन्धु।** 67 वी राज्यस्तरीय शालेय कीडा प्रतियोगिता के समापन अवसर पर सीईओ जिला पंचायत पीसी शर्मा ने कहा कि सभी खिलाडी छात्र-छात्राएं को राष्ट्रीय स्तर पर अपना नाम रोशन करें। उन्होंने सभी संभागों से आये हुए खिलाडी छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं दी। संयुक्त संचालक लोक शिक्षण मनीष वर्मा ने कहा कि सभी खिलाडी छात्र-छात्राओ को खेल के क्षेत्र मे अपना स्वर्णिम भविष्य बनाने की बात कही। उन्होंने कहा खेल की दुनिया आगे का भविष्य स्वर्णिम बनाती है। प्रतियोगिता का संपूर्ण प्रतिवेदन जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन द्वारा दिया गया। उन्होने कहा कि इस पांच दिवसीय प्रतियोगिता में दस संभागो से आये हुए 522 खिलाडी छात्र-छात्राओ एवं 130 ऑफिसियल स्टाफ ने सहभागिता की। छात्रों ने अनुशासन में रहकर प्रतियोगिता में भाग लिया। इस अवसर पर सभी संभागो से पधारे हुये स्टेट ऑफिसियल को स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। भोपाल से आये हुये ऑक्जेंबर हेमन्त वर्मा को सम्मनित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत आकर्षक मार्च पास्ट रविन्द्र खाटोल के नेतृत्व मे सभी संभागो के खिलाडी छात्र-छात्राओं द्वारा किया गया। कार्यक्रम में स्वागत गीत ऑर्मी स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत किया गया। योग अभ्यास की विशेष प्रस्तुति सेन्ट जोसेफ कॉन्वेट स्कूल के नन्हे-मुन्ने छात्र-छात्राओ द्वारा दी गई। सेन्ट मेरी कॉन्वेट स्कूल के बैड दल ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। मंच संचालन मुकेश तिवारी द्वारा किया गया। ओवरऑल चैंपियन भोपाल संभाग एथेलिटक्स में एवं सागर संभाग कूडो प्रतियोगिता में रहा।

### कल श्री राम महाबारात धूमधाम से निकाली जायेगी इसकी तैयारियां जोरों पर

**बीना, देशबन्धु।** शहर में 17 दिसंबर को श्रीराम महाबारात धूमधाम से निकाली जाएगी, इसके लिए तैयारियां धूमधाम से की जा रही हैं। महाबारात के पहले पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी श्रीरामनाम सिद्ध पीठ पहुंचे और आयोजन के संबंध में गुरुदेव रामनाम महाराज से जानकारी ली। गुरुवार को एसडीएम देवेन्द्रप्रताप सिंह, एसडीओपी प्रशांत सुमन, तहसीलदार सुनील शर्मा, थाना प्रभारी भरतसिंह ठाकुर, बिजली कंपनी एइ बीएस तोमर मंदिर पहुंचे। जिन्होंने पिछले वर्षों में निकाली गई श्रीराम महाबारात के बारे में जानकारी ली। साथ ही रूट श्रीराम बारात में होने वाले आयोजन के बारे में जाना। उसके अनुसार ही पुलिस व्यवस्था रखी जाएगी। इसके अलावा नपा के लिए भी पत्र लिखा गया है कि मुख्य मार्ग पर जल्द जर्जर मकानों के छज्जा का सर्वे कराएं ताकि श्रीराम महाबारात के दिन मकान में ज्यादा लोग न जाएं, नहीं तो दुर्घटना हो सकती है। इसके बाद एसडीएम ने नरसिंह मंदिर परिसर में होने वाले भंडारा स्थल का भी निरीक्षण किया। जहां पर आवश्यक कार्य कराने के दिशा निर्देश उन्होंने दिए हैं।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जनसमुदाय की बेहतरी का आधार हैः बी. शंकरानंद



**सागर, देशबन्धु।** डॉ. हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 रूपरेखा और क्रियान्वयन पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन विवि के अभिमंच सभागार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता भारतीय शिक्षण मंडल के अखिल भारतीय संगठन मंत्री बी शंकरानंद थे। इस अवसर पर विवि कार्यपरिषद के सदस्य प्रो. अतुल एम गोसाई, डॉ. शरद के प्रधान, श्री कृष्णा विवि छतरपुर के चेयरमैन पुष्पेंद्र सिंह गौतम, विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने की। मुख्य वक्ता शंकरानन्द जी ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 जनसमुदाय की बेहतरी का एक आधार है। भारतीय ज्ञान परम्परा के अनुसार शिक्षा को आगे बढ़ाने का स्वभाव भारतीय मानस में मौजूद था, यही कारण है कि इस नीति के क्रियान्वयन में तत्परता से प्रयास हो रहे हैं। भारतीय ज्ञान परम्परा को समझने वाले लोगों के जरिये ही इस नीति का क्रियान्वयन संभव है। बिना इसके दृष्टि नहीं विकसित हो सकती है। दृष्टि विकसित होने से दर्शन का निर्माण होता है और दर्शन के आधार पर ही नीतियों का कार्यरूप में रूपांतरण होता है। कुलपति प्रो. नीलिमा गुप्ता ने कहा कि हम राष्ट्रीय शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की यात्रा प्रारंभ कर चुके हैं और कई अलग-अलग आयामों पर क्रियान्वयन की तैयारी लगातार चल रही है। स्किल एजुकेशन, मूल्य आधारित शिक्षा, चरित्र निर्माण आदि की दिशा में हमारे विवि में काफी काम किये जा चुके हैं। हमारे शिक्षकों द्वारा भारतीय भाषाओं में लिखित 12 पुस्तकों का विमोचन प्रधानमंत्री ने किया है। हमारे विश्वविद्यालय में 25 राज्यों के विद्यार्थी पढ़ते हैं और 12 राज्यों से शिक्षक पढ़ाते हैं। इसको दृष्टिगत रखते हुए विवि ने बहुभाषीय प्रकोष्ठ का गठन किया है जिससे हमारे विद्यार्थी कई भाषाओं के संपर्क में आ सकें और अध्ययन के दौरान कई भारतीय भाषाओं को जान सकें। विवि कार्यपरिषद सदस्य डॉ. शरद के प्रधान ने बहुअनुशासनिकता पर बात रखते हुए इसके आयामों को व्याख्यायित किया। उन्होंने कहा कि आज विद्यार्थी को केंद्र में रखकर कार्ययोजना पर कार्य करने की आवश्यकता है ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के लक्ष्यों के अनुरूप पठन-पाठन की संरचना को क्रियान्वित किया जा सके। क्रेडिट ट्रांसफर प्रणाली को लचीला बनाया जाना चाहिए ताकि विशेष ज्ञान के लिए विद्यार्थी अन्य संस्थाओं में भी जा सकें। उन्होंने शिक्षा में तकनीक के प्रयोग को बढ़ावा देने की बात भी कही। कार्यक्रम का संचालन डॉ. आशुतोष ने किया। निदेशक, शोध एवं विकास प्रो. हारेल थॉमस ने आभार ज्ञापन किया।

### चलाया गया विशेष स्वच्छता अभियान

**सागर, देशबन्धु।** 13 से 15 दिसंबर तक नगर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें समस्त जोन प्रभारियों द्वारा अपने-अपने वार्डों के अंतर्गत नागरिकों और सामाजिक संगठनों के समन्वय से आवासीय एवं सार्वजनिक क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान और स्वच्छता संबंधी जागरूकता गतिविधियां चलाई गई। साथ ही क्लीन टॉयलेट कैंपेन अभियान के तहत सार्वजनिक और सामुदायिक शौचालयों की विशेष सफाई और नागरिकों को उनकी व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन में सहभागिता निभाने जागरूक किया गया। इस संबंध में निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देश अनुसार जोन प्रभारियों और वार्ड दरोगाओं को शासन की गाइडलाइन अनुसार शौचालय एवं यूरेनल की विशेष सफाई कर इनका उपयोग करने वाले नागरिकों को शौचालय में सफाई व्यवस्था बनाये रखने के प्रति जागरूक किया, साथ ही वार्डों में नागरिकों को अपने घर के आसपास स्वच्छता बनाए रखने हेतु जागरूक किया।



स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

बिजली पेंशनरों की आम सभा और संभागीय सम्मेलन संपन्न

# बिजली पेंशनरों की समर्पित सेवाओं ने विद्युतीकरण कर प्रदेश को रोशन किया, चौतरफा विकास और औद्योगीकरण को दिशा दी: दीपक तिवारी



**सागर, देशबन्धु।** मप्र राज्य विद्युत मण्डल पेंशनर्स एसोसिएशन की आम सभा और संभागीय सम्मेलन, स्थानीय रवीन्द्र भवन सभागार में सागर, छतरपुर, टीकमगढ़, दमोह, बीना, देवरी, रहली आदि स्थानों से आए सैंकड़ों सहभागी पेंशनरों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। संरक्षक सीएल स्वर्णकार की अध्यक्षता में सरस्वती पूजन से प्रारंभ हुए कार्यक्रम में बिजली पेंशनर एमसी सोनी ने बांसुरी वादन और सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। एसोसिएशन के अध्यक्ष इंजी. एके पाण्डेय ने आयोजन की भूमिका पर प्रकाश डाला। सचिव केएल कटारिया ने एसोसिएशन का प्रतिवेदन वाचन कर उपस्थित अतिथियों और पेंशनरों का स्वागत संबोधन किया। कार्यवाहक अध्यक्ष इंजी. केसी जैन ने एसोसिएशन के गठन से लेकर इसकी गतिविधियों पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि वरिष्ठ पत्रकार दीपक तिवारी ने अपने वक्तव्य में कहा अपने फैसले मनवाने के मामलों में सरकार से बढ़कर कोई और गुण्डा नहीं है चाहे कोई भी और किसी की भी हो। सरकारी नियम कानून करेंसी के नोट की तरह मान्यता रखते हैं, जो बरकरार रखी जानी चाहिए। उन्होंने अस्सी के दशक से शुरू हुए उदारीकरण, निजीकरण, वैश्वीकरण और विनिवेश नितियों का विश्लेशण करते हुए, अंधाधुंध निजीकरण के दुष्परिणामों की चर्चा की। निष्पक्ष पत्रकारिता के मानकों पर प्रकाश डाला और इसकी आवश्यकता की बात की। बिजली पेंशनर्स के प्रदेश में विकास में योगदान की चर्चा करते हुए कहा कि पेंशनर्स के हितों के प्रति संवेदनशीलता की जरूरत है। फैसले मात्र वोटों की संख्या के आधार नहीं किए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आप बिजली पेंशनर्स के व्यापक अनुभव नई पीढ़ी को अंतरित कराये जाने की आवश्यकता है। विशेष अतिथि इंजी. व्हीकेएस परिहार ने अपने संबोधन में यूनाइटेड फोरम फॉर पॉवर एम्पलाइज एण्ड इंजीनियर्स द्वारा समय समय पर बिजली पेंशनरों और भावी पेंशनर कर्मचारियों के हित में किए गए प्रयासों पर शासन स्तर से हुई ज्यादातर बातचीत को बेनतीजा होना बताया और कहा कि इसके लिए राज्य के प्रशासनिक मुखिया जिम्मेदार हैं। उनकी बात प्रदेश के राजनीतिक मुखिया तक पहुंचने नहीं दी जा रही है जिनकी इच्छा शक्ति की समस्याओं के हल में निर्णायक भूमिका होती है। बेअसर हो रही चर्चाओं के बाद आगामी फरवरी मार्च में एकजुट आंदोलन की तैयारी की जानी चाहिए। सम्मेलन को पेंशनर्स एसोसिएशन के सुरेश बाबू खरे छतरपुर, डॉ. प्रेम श्रीवास्तव बीना, केसी जैन दमोह ने भी संबोधित किया। सभी वक्ताओं ने बिजली पेंशनरों की पेंशन की गारंटी विषय पर चिंता व्यक्त करते हुए, उनके स्थायी हल की दिशा में प्रयासों की बात दोहराई। वक्ताओं ने चिकित्सालयों में पेंशनरों को रियायती उपचार सुविधा, कम पेंशन पाने वाले पेंशनरों को आयुष्मान योजना और राज्य सहायता से मुफ्त इलाज दिलाये जाने की मांग भी रखी। आयोजन को राज्य शासन पेंशनर्स एसोसिएशन के बृज बिहारी उपाध्याय, हरिओम पाण्डेय ने भी संबोधित किया। इन वक्ताओं ने बताया कि राज्य शासन का रवैया अपने पेंशनर्स को लेकर संवेदनशील नहीं है। राज्य सरकार के पेंशनर्स को भी महंगाई राहत जैसे मुद्दों को लेकर संघर्ष और आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ रहा है। इन वक्ताओं ने पुरानी पेंशन पाने वाले सभी पेंशनर्स की एकजुटता का आह्वान किया। सम्मेलन में उपस्थित 70 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के पेंशनरों का सम्मान किया गया। सड़क दुर्घटना में दिवंगत हुए कर्मठ विद्युत पेंशनर स्व. अशोक गोपीचंद रायकवार और स्व. चैतन्य स्वरूप तिवारी श्रद्धा सहित स्मरण कर किया गया। उन के परिजनों का एसोसिएशन की ओर से शाल श्रीफल भेंट कर आदर व्यक्त किया गया। बिजली पेंशनरों के प्रति निष्ठापूर्वक समर्पित सेवाओं के लिए सेवारत लेखापाल राजीव श्रीवास्तव को भी आयोजन की ओर से सम्मानित किया गया। आयोजन में शामिल सदस्यों को प्रकाशित विमोचित स्मारिका और टेलीफोन डायरेक्ट्री का वितरण किया गया। आयोजन का संचालन रामलखन श्रीवास्तव और अरविंद जैन ने किया।

## शिव परिवार से हमें मिलती है संगठित परिवार की शिक्षा: चिनमयानंद बापू



**सागर, देशबन्धु।** पीटीसी ग्राउंड पहलवान बाबा मंदिर के सामने शुरू हुई श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिन चिनमयानंद बापू ने शिव पुराण की कथा का शुभारंभ करते हुए कहा कि भगवान शिव का परिवार संपूर्ण विश्व के लिए एक आदर्श परिवार का संकेत देता है शिव परिवार में प्रत्येक पात्र एक दूसरे के विपरीत होने के पश्चात भी एक दूसरे में प्रेम और संगठित होकर रहते हैं जहां भगवान शिव का वाहन नंदी है। वही माता पार्वती का वाहन सिंह है लेकिन फिर भी दोनों में परस्पर प्रेम है। आज समाज में हम देख रहे हैं कितने लोग व्यस्त हो गए हैं कि पैसो के चक्कर में अपने अपने परिवारों का ध्यान भूल गए और परिवारों में बिखराव की स्थिति आ गई है। शिव परिवार का प्रत्येक सदस्य पूजनीय है चाहे गणेशजी हो चाहे कार्तिकेय, भगवान हो मातारानी हो, भगवान भोलेनाथ हो अथवा भगवान शिव के गले का सर्प ही क्यों ना हो बापू ने कहा कि कथा सुनके हमारी तभी सफल होगी जब हमारे घर का प्रत्येक पात्र पूजनीय हो हम अपने बच्चों को ऐसे संस्कार दें कि वह सनातन धर्म का प्रचार करें। सनातन धर्म से जुड़े और सनातन की अलग संपूर्ण विश्व में जगाए। प्रत्येक हिंदू सनातनी को चाहिए कि वह अपने मस्तक पर तिलक और हाथ में कलावा बांधे बापू ने व्यासपीठ के माध्यम से कहा कि कथा में जितने लोग आते हैं सभी से कहूंगा कि वह कथा में तिलक जरूर लगाएं और अपने हाथ में कलावा जरूर बांधे जो हमारे हिंदू सनातन धर्म की पहचान है हम उसको खोये नहीं और दूसरों को भी जगाये ताकि भारत पुन: विश्व गुरु की पदवी पर पहुंचे हमारा सनातन धर्म वैश्विक है सभी का सम्मान जरूर करता है। लेकिन दूसरे धर्म के लोग हमारी सरलता का फायदा उठाते हैं इसलिए प्रत्येक हिंदू सनातनी को बापू ने आवाहन किया। ज्यादा से ज्यादा अपने सनातन होने का परिचय दें। अपने भगवान के संस्कारों को अपने हृदय में उतारे और सनातन धर्म का व्यापक स्तर पर प्रचार करें। आज प्रथम दिन ही कथा में इतना विशाल पंडाल श्रोता गणों से फुल हो गया। बापू ने आग्रह किया की पवित्र अगहन मास में ज्यादा से ज्यादा लोग शिव महापुराण कथा का रसपान करें और भगवान भोलेनाथ की आराधना करें। कथा में मुख्य यजमान अनिल तिवारी, प्रतिभा तिवारी, महापौर संगीता तिवारी, कार्यक्रम अध्यक्ष शिव शंकर मिश्रा, तरूण बडोनिया, अशोक उपाध्याय, अजय दुबे, रामअवतार पाण्डे आदि ने आरती की, दीप प्रज्वलित कर बापू का व्यास पीठ से आशिर्वाद लिया। कथा नित्य दोपहर 1 बजे से 4:30 बजे तक आगामी 23 नवंबर तक चलेगी।

## किराना व्यापारी ने पकड़े चोर, सीसीटीवी फुटेज में गोदाम में चोरी करते हुए देखा




**खुरई, देशबन्धु।** भूसा मंडी रोड स्थित थोक किराना व्यापारी के गोदाम में चोरी करते हुए एक चोर को पकड़ा है। व्यापारी रात को अपने मोबाइल में सीसीटीवी कैमरे के फुटेज देख रहा था तभी उसने अपने साथियों के साथ गोदाम में पहुंचकर चोर को पकड़ लिया। उसे पुलिस के हवाले कर दिया है। यह गिरोह लगातार गोदाम से दो माह में चार बार चोरी कर चुका है। किराना व्यापारी सुरेश उर्फ सोनू पिता कन्हैयालाल वाधवानी 47 निवासी भगतसिंह वार्ड खुरई ने बताया कि उनका संत कंवरदास वार्ड के भूसा मंडी रोड पर टीनशेड का गोदाम बना है। गोदाम में लगे सीसीटीवी कैमरों को रात में मोबाइल पर देख रहा था। इसके बाद एक चोर गोदाम में जाते हुए दिखाई दिया। अपने मित्रों और मोहल्ले वालों को एकत्रित कर गोदाम के चारों तरफखड़े हो गए। जब चोर को निकाला तो उसे पकड़ लिया। उसने इन घटनाओं को करना कबूल किया है। किराना व्यापारी सुरेश उर्फ सोनू ने बताया कि नवंबर माह में जब गोदाम में देखा कि गुटखा की बोरियों के स्टॉक में अंतर दिख रहा था। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज देखे तो चोरी करना पाया गया। नवंबर माह में दो बार और इसके बाद दिसंबर माह में भी एक चोरी हुई। इसके बाद रोजाना रात में मोबाइल पर गोदाम में लगे सीसीटीवी फुटेज देखने लगे। चोर को पकड़ा जिसे पुलिस के हवाले किया गया। दो माह में चार बार हुई चोरी में करीब 5 लाख रुपए का माल चोरी हुआ है। मौके पर पकड़े गए भूपेंद्र पिता भूरे लोधी 21 के बाद अनिकेत पिता प्रताप अहिरवार 21 पुलिस ने पकड़ा है। पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने बताया कि वह ट्रेन में चाय और मूंगफली बेचने का काम करते हैं। पुलिस ने आरोपी से 2 बोरा राजश्री गुटखा और एक बोरा विमल गुटखा का जब्त किया है। पुलिस की पूछताछ में पकड़े गए आरोपियों ने इन घटनाओं को कबूल करना स्वीकार किया है। गोदाम से जो माल वह चुरा कर ले जाते थे उसे वह आधे दामों में बेच देते थे। व्यापारी ने बताया कि पूरे गिरोह में करीब 6 लोग शामिल हैं। इनमें से दो लोगों को पकड़ा है बाकी के चार लोग अभी भी फरार चल रहे हैं। यह लोग चोरी किए गए माल को बीना के एक व्यापारी और फेरी लगाने वाले लोगों को आधे दामों में बेच देते थे। खुरई शहरी थाना प्रभारी शशि विश्वकर्मा ने बताया कि व्यापारी के गोदाम से 72 हजार रुपए कीमत के गुटखे चोरी हुए हैं। इस मामले में दो आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों से पूछताछ में और भी नाम आ सकते हैं। आरोपियों के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है।

## थैले में रखे 80 हजार रुपए हुए चोरी



**बीना, देशबन्धु।** अपने पिता के इलाज के लिए बीना के बैंक से रुपए निकलकर अपने गांव मिर्जापुर जा रहे एक किसान के थैले में से 79 हजार 500 रुपए चोरी चले गए। किसान ने इसकी रिपोर्ट बीना थाने में दर्ज कराई है। फरियादी विष्णु प्रसाद पिता प्रेमनारायण कुर्मी 62 निवासी मिर्जापुर थाना भानगढ़ ने बताया कि उनके पिता की तबीयत खराब है। उनके इलाज के लिए वह अपने भाई देवेंद्र कुर्मी और पिता प्रेमनारायण कुर्मी को बीना के एक निजी बैंक में जहां उनके पिता का खाता है। उनके पिता ने इलाज के लिए बैंक से 80 हजार रुपए निकाले। बैंक से रुपए निकलने के बाद सभी लोग बीना के सर्वोदय चौराहा पर चाय पीने लगे। मैंने रुपए में से पांच सौ का नोट भाई देवेन्द्र को सामान खरीदने के लिए दे दिया था। शेष 79 हजार 500 रुपए बैग में रखे थे। हम लोग सर्वोदय चौराहे ऑटो से घर जाने के लिए अंबेडकर तिराहा गए। यहां से दूसरी ऑटो में बैठकर अपने घर भानगढ़ जा रहे थे। ऑटो में ही बैठने के बाद ऑटो ड्राइवर ने कहा कि आपकी शर्ट के पीछे चटनी लगी हुई है तो ऑटो रुकवाया और चटनी को साफ किया, इसके बाद ऑटो में बैठ गए। इसके बाद रुपयों से भरा बैग अपने बाजू में रख लिया था। ऑटो में और भी लोग बैठे हुए थे। जब रास्ते में बेलई तिराहा पर बैग में रखे रुपए चैक किए तो बैग में रखे रुपए नहीं मिले। थैले में रखे 79 हजार 500 रुपए किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिए गए है। रुपए थैले में से कैसे चोरी हुए इसका कारण अभी अज्ञात है। उन्होंने बताया कि रुपए निकलने के बाद एक-दो दिन में पिता के इलाज के लिए उन्हें झांसी ले जाना था। अब रुपए चोरी हो गए हैं। इसके बाद बीना थाने पहुंचकर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कराया है।

## दिव्यांगो को आत्मनिर्भर बनाने गर्व से केंद्र का शुभारंभ



**जैसीनगर, देशबन्धु।** जिले के ब्लॉक जैसीनगर में कृषक सहयोग संस्थान द्वारा इनेबल इंडिया बेंगलुरु के सहयोग से गर्व से सेंटर का शुभारंभ ग्रामीण स्वरोजगार प्रतिक्षण केंद्र डायरेक्टर बीपी सिंह, वरिष्ठ पत्रकार नामदेव एवं दिव्यांगजनों द्वारा रिबिन काटकर किया। गर्व से सेंटर का उद्देश्य दिव्यांगजन को स्वरोजगार से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाना है। कार्यक्रम में कृषक सहयोग संस्थान के संचालक डॉ. एचबी सेन ने कहा समाज की मानसिकता धारणा को बदलने और सुगम्य भारत अभियान की दिशा में आठ वर्ष पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से दिया गया दिव्यांग शब्द नए भारत का संकल्प बन गया है। दिव्यांग चाहे उद्योग हो या फिर खेल जगत, हर क्षेत्र में सफलता के आयाम लिख रहे है। केंद्र सरकार की सोच दिव्यांगो को न सिर्फ मानसिक, शारीरिक और सामाजिक सुविधा, बल्कि समान अवसर उपलब्ध कराना भी है। इस दिशा में सरकार ने अभूत पूर्व प्रगति की है, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण केंद्र से डायरेक्टर बीपी सिंह ने कहा यह एक बहुत पुनीत कार्य है, केंद्र में नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है जिसमे व्यक्ति अपनी रुचि के अनुसार स्वरोजगार प्रशिक्षण ले सकता है। उपस्थित दिव्यांगो ने कहा यह हमारे लिए हर्ष की बात है की हमे स्वरोजगार स्थापित करने नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे हम आत्मनिर्भर बनकर स्वाभिमान से जीवन यापन करेगे। कार्यक्रम में भोपाल से रेखा श्रीधर कृषक सहयोग संस्थान गर्व से सेंटर समन्वयक चंद्रप्रकाश, जिला समन्वयक अनिल रैकवार, नितिन सेन, ब्रजेन्द्र रैकवार, कुलदीप चौरसिया सहित संस्था के टीम के सदस्य, दिव्यांगजन एवं उनके माता पिता उपस्थित रहे।

## महिला एवं बाल विकास विभाग की सांठगांठ से पात्र महिलाओं को लाभ से किया गया वंचित: सुरेन्द्र चौधरी

### लाडली बहना योजना से लाभ परित्याग करने संबंधी आदेश जारी कर निरस्त करने का मामला



**सागर, देशबन्धु।** महिला एवं बाल विकास विभाग सागर ग्रामीण दो के परियोजना अधिकारी के द्वारा 4 दिसंबर को लाडली बहना योजना से लाभ परित्याग करने संबंधी जारी किए गए आदेश को जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास अधिकारी जिला सागर द्वारा 15 दिसंबर को तत्काल प्रभाव से निरस्त करने का आदेश जारी करने के मामले में पूर्व मंत्री सुरेन्द्र चौधरी ने महिला एवं बाल विकास विभाग की कार्य प्रणाली पर सवालिया निशान लगाते हुए कहा है कि एक तरफ 4 दिसंबर को परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सागर ग्रामीण दो के द्वारा जारी आदेश में कहा गया कि महिला एवं बाल विकास परियोजना सागर ग्रामीण. 2 में यदि किसी पर्यवेक्षक या किसी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका और स्व. सहायता समूह के अध्यक्ष व सचिव या समूह के अन्य सदस्य के द्वारा लाड़ली बहना योजना की जो शासन द्वारा निर्धारित शर्तें थी, उन शर्तो के विपरीत लाभ लिया गया है तो 15 दिन के अंदर आप लाभ परित्याग कर दें। वहीं दूसरी ओर महिला एवं बाल विकास परियोजना सागर ग्रामीण.2 के द्वारा जारी आदेश को 10 दिन से अधिक का समय बीत जाने के बाद जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सागर के द्वारा शुक्रवार 15 दिसंबर को आदेश जारी कर परियोजना अधिकारी परियोजना सागर ग्रामीण दो के द्वारा 4 दिसंबर को जारी आदेश को निरस्त करने का आदेश कर कहा गया हैं कि इस प्रकार के निर्देश संचालनालय से जारी नहीं हुए हैं। उक्त आदेश पूर्णत: अस्पष्ट है जिसे तत्काल प्रभाव से निरस्त किए जाने का लेख किया गया है। श्री चौधरी ने कहा कि महिला बाल विकास विभाग के एक अधिकारी द्वारा आदेश जारी करने तथा उक्त आदेश को दूसरे अधिकारी द्वारा तत्काल प्रभाव से बिना किसी परिक्षण व जांच के निरस्त करना आदेश जारी करने वाले परियोजना अधिकारी और आदेश निरस्त करने वाले जिला कार्यक्रम अधिकारी की भूमिका पर सवालिया निशान लगाने के साथ-साथ यह प्रतीत होता है कि लाडली बहना योजना की पात्रता रखने वाली महिलाओं को महिला एवं बाल विकास विभाग की सांठगांठ से योजना के लाभ से वंचित किया जाकर अपात्रों को लाभान्वित किया गया है जिसकी सूक्ष्मता से जांच की जाती हैं तो गम्भीर मामला उजागर होगा। चौधरी ने समूचे प्रकरण की उच्च स्तरीय सूक्ष्म जांच की जाकर महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी की भूमिका की जांच करने के साथ-साथ जिले में लाडली बहना योजना के लाभ से वंचित हुई पात्र महिलाओं की सूची सार्वजनिक करने तथा अपात्रों को लाभान्वित करने की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कठोर कार्यवाही की मांग की है।

## ट्रेन में महिला का पर्स छीनने के मामले में आरोपियों को कोर्ट ने सुनाई दो साल की सजा

**बीना, देशबन्धु।** गोंडवाना सुपरफास्ट ट्रेन में यात्रा कर रही महिला यात्री का पर्स छीनने वाले 3 आरोपियों को बीना कोर्ट ने दो वर्ष के सश्रम कारावास की सजा और अर्थदंड से दंडित किया है। अपर लोक अभियोजक श्यामसुंदर गुप्ता ने बताया कि घटना 26 मार्च 2016 की है, जब फरियादी प्राची के पास एसी थर्ड में वेटिंग टिकट था और टिकट कंफर्म ना होने से स्लीपर का सुपरफास्ट का टिकट लेकर ट्रेन नंबर 12410 गोडवाना सुपरफास्ट ट्रेन में मथुरा से बैतूल की यात्रा कर रही थीं। बीना रेलवे स्टेशन पर जब ट्रेन धीमी गति से चल रही थी तो उसी समय किसी अज्ञात बदमाश ने खिड़की से हाथ डालकर पर्स खींचकर भाग गया था। इसकी रिपोर्ट जीआरपी थाना बैतूल में एफआइआर दर्ज कराई गई थी और मामला बीना जीआरपी थाना क्षेत्र का होने के कारण डायरी बीना थाना भेजी। इसमें धारा 356, 380 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना की गई। मामले में आरोपी जितेंद्र उर्फ जित्तू पिता सूरज रैकवार 26 निवासी प्रताप वार्ड बीना, आशीष पिता सुरेश सोनी 29 निवासी मढिया वार्ड बीना और छोटू उर्फ पगला पिता कोमल पटेल 31 निवासी बीना को गिरफ्तार किया था। आरोपियों से सामान बरामद किया गया था। विवेचना पूरी होने पर 392, 411 धारा और बढ़ाई गई थी। इसके बाद करीब पांच साल न्यायालय में विचारण चला और अपर लोक अभियोजक ने आवश्यक साक्ष्य एवं तर्क प्रस्तुत किए, जिसमें आरोपियों को दोषी पाया गया। प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश निर्मल मंडोरिया ने आरोपियों को दो साल के सश्रम कारावास की सजा और एक हजार रुपए अर्थदंड लगाया है।

## मुथूट फाइनेंस के ऑफिस में सेंध, दीवार तोड़कर घुसे दो नकाबपोश

**बीना, देशबन्धु।** स्टेशन रोड पर भारत टॉकीज के पास स्थित मुथूट फाइनेंस में चोरी का प्रयास किया गया। बदमाशों ने उसकी दीवार तोड़ दी। दो नकाबपोश दीवार तोड़कर अंदर पहुंचे। सायरन बजते ही दोनों मौके पर सब्बल सहित दीवार तोड़ने में उपयोग किए गए औजार छोड़कर भाग गए। इस वारदात को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने पूरी रात बदमाशों की तलाश की, लेकिन कोई सुराग हाथ नहीं लगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने एफएसएल की टीम को बुलाकर घटना का निरीक्षण कराया। टीम में शामिल फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट ने नमूने कलेक्ट किए हैं। बदमाशों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए पूरी तैयार की थी। बीना के स्टेशन रोड स्थित भारत टॉकीज के बाजू में संचालित मुथूट फायनेंस की दीवार पीछे से तोड़कर वह अंदर तक पहुंचे। ऑफिस में रखे लॉकर तक पहुंचने से पहले ही सायरन बज गया। पकड़े जाने के डर से बदमाश मौके से भाग गए। सायरन बजने की सूचना पर थाना प्रभारी भरत सिंह सहित बड़ी संख्या पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। पुलिस ने मुथूट फायनेंस के अधिकारियों को बुलवाकर ताले खुलवाकर जांच पड़ताल की। इसमें पता चला कि बदमाशों ने चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की है। इसके चलते पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले। इसमें पता चला कि दीवार तोड़कर दो नकाबपोश अंदर दाखिल हुए थे, लेकिन सायरन बजते ही दोनों मौके से भाग गए। गुरुवार रात हुई वारदात के बाद पुलिस को शुक्रवार रात तक कोई पुख्ता सुराग नहीं मिला। इस मामले में पुलिस ने मुथूट फायनेस मैनेजर पंकज पिता कैलाश तिवारी की शिकायत पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य कार्यकम आज पद्माकर स्कूल में

**सागर, देशबन्धु।** विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य कार्यक्रम आज शनिवार को दोपहर 3 बजे कटरा नमक मंडी स्थित पद्माकर स्कूल के परिसर में किया जाएगा। इस अवसर पर संभागायुक्त डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत, कलेक्टर दीपक आर्य, नगर निगम कमिश्नर चंद्रशेखर शुक्ला, जिला पंचायत सीईओ पीसी शर्मा, सचिन मसीह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**सागर, देशबन्धु।** नाबालिग को भगाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी दशरथ आदिवासी को विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश बीना जिला सागर निर्मल मंडोरिया की अदालत ने दोषी करार देते हुये पॉक्सो एक्ट की धारा.3 सहपठित धारा 4 (2) के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया। न्यायालय द्वारा बालिका के पुर्नवास के लिये क्षतिपूर्ति हेतु युक्तियुक्त प्रतिकर एक लाख रूपये दिलाये जाने का आदेश पारित किया गया। मामले की पैरवी प्रभारी उप.संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्ग दर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी श्यामसुंदर गुप्ता ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता की मां ने थाना भानगढ़ में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि 30 नवम्बर 2019 को वह उसकी लड़की के यहां मिलने गई थी, तब 1 दिसम्बर 2019 को सुबह 6 बजे पड़ोसी ने फोन पर बताया कि 30 नवम्बर 2019 की रात्रि 9.10 बजे पीड़िता घर से कहीं चली गई है, जो वापस नहीं आई। घर आकर उसने मोहल्ले व रिश्तेदारी में पीड़िता की तलाश की, जिसका कोई पता नहीं चला। तलाश करने पर अभियुक्त दशरथ आदिवासी भी 1 दिसम्बर 2019 के प्रात: से उसके घर पर नहीं है। उसे संदेह है कि, अभियुक्त दशरथ आदिवासी उसकी पुत्री पीड़िता को बहला फुसलाकर कहीं भगाकर ले गया है। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

### नाबालिग से जबरन दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

नाबालिग के साथ जबरन दुष्कर्म करने वाले अभियुक्त गौरव लड़िया को भादवि की धारा 376(3) के तहत 20 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट 2012 नीलम शुक्ला जिला सागर की अदालत ने दंडित किया है। प्रकरण में पीड़िता तथा उसके माता-पिता के पक्षद्रोही होने पर भी डीएनए रिपोर्ट एवं जन्म प्रमाण पत्र के आधार पर आरोपी को न्यायालय द्वारा दंडित किया गया। न्यायालय द्वारा बालिका के पुर्नवास के लिये क्षतिपूर्ति हेतु युक्तियुक्त प्रतिकर चार लाख रूपये दिलाये जाने का आदेश पारित किया गया। मामले की पैरवी प्रभारी उप संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता की ने मां ने 18 मई 2022 को पुलिस थाना मोतीनगर में रिपोर्ट लेख कराई कि 17 मई 2022 को दोपहर वह काम करके घर वापिस आई तो उसने देखा कि उसकी लड़की घर पर नहीं है उसकी आस पास तलाश करने पर उसे जानकारी लगी कि पड़ोस के घर में लडकी गई है उसने उसके लड़के के साथ जाकर बालिका की तलाश की तो घर के दरवाजे बंद थे, दरवाजे खुलवाने पर लड़की कमरे में अभियुक्त गौरव के साथ मिली। लड़की से पूछने पर अभियुक्त गौरव द्वारा जबरन शारीरिक संबंध बनाना बताया। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।

### नाबालिग का बुरी नियत से पीछा करने एवं अश्लील मेसेज भेजने वाले आरोपी को 5 वर्ष का सश्रम कारावास

नाबालिग का बुरी नियत से पीछा करने वाले एवं अश्लील मेसेज भेजने वाले आरोपी नरेश लड़िया को विशेष न्यायाधीश पाक्सों एक्ट एवं नवम अपर सत्र न्यायाधीश ज्योति मिश्रा जिला सागर की अदालत ने दोषी करार देते हुये भादवि की धारा. 354,(1)(आईआई), 354डी (1)(आई) के तहत 3-3 वर्ष सश्रम कारावास एवं पांच-पांच हजार रूपये तथा एवं सूचना प्रोद्योगिकी अधि. 2000 की धारा.67 के तहत 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये व धारा. 67ए के तहत 5 वर्ष सश्रम कारावास एवं दस हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा से दंडित किया है। मामले की पैरवी प्रभारी उप.संचालक अभियोजन धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी मनोज पटैल ने की। घटना इस प्रकार है कि शिकायतकर्ता पीड़िता ने 6 सितम्बर 2021 को थाना मकरोनिया में रिपोर्ट लेख कराई कि आरोपी नरेश उसे करीबन एक वर्ष से दोस्ती करने के मैसेज एवं आपत्तिजनक मैसेज, लगातार करता था तब उसने आरोपी का नंबर ब्लाक कर दिया फिर कुछ दिन बाद उसे आरोपी दूसरे नंबर से करीबन एक वर्ष से मैसेज भेजता रहा। कई बार वह कोचिंग जाती थी तो उसे बुरी नियत से घूरता रहता था एवं उसके घर से पीछा करता है। घटना की जानकारी उसने अपने पिता को दी तो उन्होंने आरोपी को मैसेज करने से मना किया लेकिन वह नही माना तब उसने अपने माता-पिता व भाई को घटना की जानकारी दी व थाना पर रिपोर्ट की। उक्त रिपोर्ट के आधार पर थाने पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना उपरांत चालान न्यायालय में पेश किया। न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुये उपर्युक्त सजा से दंडित किया।